
श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 268 | उज्जैन, रविवार 12 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए



**शुभकामनाएं**

रगपंचमी पर सभी विज्ञापन दाताओं, पाठकों, प्रतिनिधियों एवं शुभ चिंतकों को दैनिक मालवा हेराल्ड परिवार की और से हार्दिक शुभकामनाएं।

**अवकाश की सूचना**

रंगपंचमी पर दैनिक मालवा हेराल्ड समाचार पत्र के कार्ययालय मे 12 मार्च का अवकाश रहेगा। अगला अंक 14 मार्च 2023 को प्रकाशित किया जाएगा।


## न्यूज ब्रीफ

### आज धरती पर लौटेगा नासा का स्पेसएक्स क्रू5 मिशन, फ्लोरिडा तट से दूर रात 9:02 पर करेगा लैंड



**लॉस एंजिलिस/जीएनएस।** अमरीका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा का स्पेसएक्स करू-5 मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से निकलकर शनिवार को पृथ्वी पर लौटेगा। नासा के अनुसार स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान शनिवार अपराह्न 02:05 बजे आईएसएस से धरती के लिए रवाना होगा।उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा के तट से दूर अटलांटिक महासागर या मैक्सिको की खाड़ी में रात में करीब 9:02 बजे उतरेगा। उन्होंने बताया कि नासा के अंतरिक्ष यात्री निकोल मान और जोश कसाडा, जापान एयरस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री कोइची वकाटा और रोकोस्मोस के कॉस्मोनॉट अन्ना किकिना छह महीने विज्ञान मिशन पर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष यान भी महत्वपूर्ण अनुसंधान के बाद पृथ्वी पर लौट आएगा।

### एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस से दो मौतें, केंद्र-राज्य अलर्ट, देश में संक्रमितो की संख्या 90

**नई दिल्ली/जीएनएस।** देश में कोविड-19 का खौफ अभी पूरी तरह से थमा भी नहीं था कि एक और जानलेवा वायरस की एंट्री हो गई है। सूत्रों के मुताबिक एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस से देश में पहली बार दो मौत के मामले रिपोर्ट हुए है। इसके साथ ही इस वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या 90 हो गई है। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में इसे लेकर माथापच्ची शुरू हो गई है और रोकथाम के उपायों को लेकर कोशिशें तेज कर दी गई हैं।उत्तर भारत में इस बीमारी के अधिक मामले आ रहे हैं। खासकर दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में इसके मरीज अधिक देखने को मिले हैं. इसके साथ ही देश के दक्षिणी हिस्से कर्नाटक में भी इसके मरीज मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हरियाणा और कर्नाटक में इन्फ्लुएंजा के एक-एक मरीज की मौत हुई है। हरियाणा के मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कर्नाटक केस की जानकारी सामने आई है। मृतक का नाम हीरा गौड़ा है और उम्र 82 साल है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक, हीरा की एक मार्च को मौत हुई थी। वह डायबिटीज और हाइपरटेंशन का मरीज था।

### 1 करोड़ कैश, और 540 ग्राम सोना करीब 600 करोड़ की आय के सबूत छापेमारी पर आया श्वष्ट का बयान

**नईदिल्ली/जीएनएस।** प्रवर्तन निदेशालय ने लालू यादव के बेटे और बेटियों पर सिलसिलेवार छापेमारी के बाद कहा कि दिल्ली की पॉश न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में तेजस्वी यादव का बंगला महज 4 लाख रुपये में खरीदा गया था और इसकी बाजार कीमत अब 150 करोड़ रुपये है। एजेंसी ने कहा कि संपत्ति, एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से पंजीकृत एक स्वतंत्र चार मंजिला बंगला है, जिसका स्वामित्व और नियंत्रण तेजस्वी यादव और परिवार के पास है। यह संदेह है कि इस संपत्ति को खरीदने में बड़ी मात्रा में नकदी या अपराध की आय का उपयोग किया गया था और कुछ मुंबई स्थित संस्थाएं, जो रत्न और आभूषणों में काम कर रही थीं, को इसके लिए गलत तरीके से प्राप्त धन का उपयोग करने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

# नई आबकारी नीति में शराब पीने पर लगाया है नैतिक प्रतिबंध-मुख्यमंत्री चौहान

## मुख्यमंत्री ने नई आबकारी नीति लाकर ऐतिहासिक कार्य किया- सुश्री उमा भारती››नई नीति से सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा - सांसद श्री शर्मा››मुख्यमंत्री श्री चौहान का हुआ अभिनंदन

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जन-कल्याण और विकास कार्यों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। नई आबकारी नीति में शराब पीने पर नैतिक प्रतिबंध लगाया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर रोक लगाई गई है। दुर्घटनाएँ रोकने और समाज-सुधार की दृष्टि से यह बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सुश्री उमा भारती को मैं माँ, बहन, बेटी और मित्र के रूप में देखता हूँ। दीदी को कभी निराश नहीं करूँगा। माता-बहनों और बेटियों पर अत्याचार के खिलाफ मैंने और दीदी ने मिल कर कार्य किया है। इसी का परिणाम लाड़ली लक्ष्मी और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान रवीन्द्र भवन में प्रदेश की मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा एवं हितों के अनुरूप आबकारी नीति लाने पर अपने अभिनंदन समारोह% में शामिल हुए। समारोह में मुख्यमंत्री श्री चौहान का पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने अंगवस्त्र पहना, पुष्प-वर्षा और अभिनंदन-पत्र भेंट कर स्वागत किया। समारोह माता, बेटी, बाई स्मृति शिक्षण समिति द्वारा किया गया।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं वर्षों से उमा दीदी के साथ काम करता आया हूँ। दीदी जगत-कल्याण के लिए कार्य करती हैं। वे अन्याय कभी सहन नहीं करती हैं। समाज-सुधारक हैं। नशा मुक्ति, गाय की रक्षा और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही हैं। सरस्वती उनके कंठ में विराजमान हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से बहनों के खाते में एक-एक हजार रूपए प्रतिमाह अंतरित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि मैं दीदी के सुझावों पर हमेशा कार्य करूँगा। दीदी का आशीर्वाद अच्छे कार्यों के लिए मुझे सदैव मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। उनकी प्रेरणा से ही मैं यह कार्य कर पाया हूँ। बेटी और बहन के कल्याण के लिए बेहतर से बेहतर कार्य किये जायेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नई आबकारी नीति लाकर ऐतिहासिक कार्य किया है। इसके लिये उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नई नीति से मैं बहुत खुश हूँ। मुझे आत्म-संतोष है। मुख्यमंत्री ने मेरे मन की कामना पूरी की है। ऐसी आबकारी नीति भारत के किसी भी राज्य में नहीं है। नई नीति में अहाते बंद करने का सराहनीय कार्य किया गया है। नई नीति में शराब पीकर वाहन नहीं चला सकते हैं और न ही सड़क पर चल सकते हैं। यह नीति ऐसे हालात पैदा कर देगी कि लोग शराब छोड़ने के लिए मजबूर हो जायेंगे। समाज की मर्यादा रखने में यह नीति मील का पत्थर साबित होगी।

सुश्री भारती ने कहा कि नीति का पालन कराना प्रशासन के साथ जन-प्रतिनिधियों की भी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कृषि के मामले में मध्यप्रदेश पंजाब और हरियाणा से भी आगे निकल गया है। गौ-माता की रक्षा के लिए जैविक खेती कारगर होगी।सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार पर आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। नई आबकारी नीति से सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कुशल मार्गदर्शन में यह कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को समृद्धशाली बनाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। केन-बेतवा लिंक परियोजना प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी, मुख्यमंत्री श्री चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती का अहम योगदान है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दीप जला कर समारोह का शुभारंभ किया। आयोजन समिति की बहनों ने पुष्पमाला से अतिथियों का स्वागत किया। बड़ी संख्या में लाड़ली लक्ष्मी बहने, महिलाएँ और नागरिक उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम के सामने उठाया मंदिरों पर हमले का मुद्दा

**नई दिल्ली/जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलिया समकक्ष के सामने खुले मंच से मंदिरों में तोडफ़ोड़ का मुद्दा उठाया। पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा कई मंदिरों को निशाना बनाए जाने की खबरें सामने आई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ वार्ता के बाद कहा कि ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने मंदिरों में तोडफ़ोड़ की घटनाओं के बाद भारतीय समुदाय की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की खबरें नियमित रूप से आ रही हैं।



ऐसे खबरें भारत में सभी लोगों को चिंतित करती हैं। मैंने ये पीएम अल्बनीज के सामने रखा और उन्होंने मुझे वादा किया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनके लिए प्राथमिकता है। साथ ही मोदी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को और ज्यादा मजबूत करने की बात हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सप्लाई चेन को बढ़ाने पर भी हमने बातचीत की है और हम सोलर एनर्जी में भी साथ मिलकर काम कर रहे है। दोनों ही देश क्वाड ग्रुप के सदस्य हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने प्रेस मीट में कहा कि शुक्रवार को पीएम मोदी और मैं हमारे महत्त्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने पर सहमत हुए हैं।

# अगले महीने से लोगों के लिए खोला जाएगा उत्तर भारत का सबसे बड़ा चिड़ियाघर

**जम्मू/जीएनएस।** जम्मू में निर्माणाधीन उत्तर भारत के सबसे बड़े चिड़ियाघरों में से एक 'जम्बू जू' को अगले महीने जनता के लिए खोल दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को नगरोटा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास निर्माणाधीन चिड़ियाघर के निरीक्षण के बाद यह जानकारी दी। उपराज्यपाल कार्यालय के आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया गया, निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए जम्मू के जम्बू जू का निरीक्षण किया गया। उत्तर




भारत का यह सबसे बड़ा चिड़ियाघर अगले महीने लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

चिड़ियाघर 163.40 हेक्टेयर में बनाया जा रहा है और इसमें एक ओरिएंटेशन सेंटर, पक्षियों का बड़ा पिंजड़ा, तेंदुआ बाड़ा, बाघ बाड़े, व्यू पॉइंट, सांभर बाड़ा, काला हिरण बाड़ा, भूरा हिरण बाड़ा, पार्क आदि होंगे। जम्बू जू में एशियाई शेर, रॉयल बंगाल टाइगर, ब्लैक बीयर, मार्श क्रोकोडाइल और ब्लैक बग मुख्य आकर्षण होंगे तथा जहरीले और गैर-जहरीले सांपों के लिए सरीसृप कक्ष भी होंगे। इस चिड़ियाघर में बच्चों के लिए एक खुला एम्युजमेंट थियेटर और पार्क होगा तथा आगंतुकों के घूमने के लिए बैटरी से चलने वाली कारें और साइकिलें भी होंगी।

# कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष आर ध्रुवनारायण का निधन, राहुल गांधी ने जताया शोक

**मैसूरु/जीएनएस।** कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद आर ध्रुवनारायण का शनिवार सुबह निधन हो गया। ध्रुवनारायण 61 वर्ष के थे। उन्हें सुबह करीब 6.40 बजे सीने में दर्द की शिकायत के बाद उनके ड्राइवर द्वारा डीआरएमएस अस्पताल लाया गया। उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉ. मंजूनाथ ने यहां मीडिया को बताया, आर ध्रुवनारायण का निधन हो गया। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत के बाद ड्राइवर द्वारा सुबह 6.40 बजे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं सका। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज सोमप्पा बोम्मई ने ट्विटर पर कहा, पूर्व सांसद एवं कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ध्रुवनारायण का निधन बहुत दुखद है। उनकी आत्मा को शांति मिले और भगवान उनके प्रशंसकों और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे। ओम शांति। पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि ध्रुवनारायण के निधन से उन्हें गहरा सदमा और दुख हुआ है। उन्होंने कहा कि उनका जाना प्रदेश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा, पूर्व सांसद आर ध्रुवनारायण के आकस्मिक निधन से दुखी हूं।

# एक ऐसा गांव जहां अपनी बेटियों की शादी करवाने से कतराते हैं मां-बाप, वजह कर देगी हैरान

**कौशांबी/जीएनएस।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सिराथू विकास खंड स्थित एक गांव पीने के पानी की समस्या से ग्रसित है। यहां पीने के पानी की समस्या इतनी बिकराल है कि लोगों को पीने के लिए पानी 150 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है। पानी की इसी समस्या के चलते इस गांव में युवाओं की शादी नहीं हो रही, क्योंकि कोई भी मां-बाप अपनी बेटी की शादी इस गांव में नहीं करवाना चाहता।

बता दें कि सिराथू विकास खंड अंतर्गत ग्राम बरईन कापूरा मजरा कूरामुरीदन मे करीब 200 परिवार गुजर बसर करते हैं, जिनमें चौरसिया समुदाय के परिवार बहुतयात हैं। गांव में पानी पीने के मूल स्रोत कुआं हैं जो पहले ही सूख चुके हैं। हैंड पंप से भी खारा पानी निकलने के



चलते पानी पीने योग्य नहीं है। जलस्तर नीचे होने के कारण हैंडपंप भी जवाब दे चुके हैं। इन परिस्थितियों में यहां के लोग 150 किमी दूर डोडापुर गांव से पानी लोगों के निजी नलकूप या फिर वहां लगे हैंडपंप से पानी भरकर साइकल से लादकर घर लाते हैं। मुश्किल से लाए गए पानी से प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत पालतू पशुओं के लिए है उनके पीने का पानी बाहर से लाकर पिलाना पड़ रहा है?।

लोगों का दर्द है कि पिछले कई दशक से कुआं और हैंडपंप से पानी खारा निकलने के कारण बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की किल्लत देखकर यहां युवकों की शादी में भी कठिनाई हो रही है। लोग अपनी बेटियों का विवाह पीने के पानी इस समस्या के चलते जल्दी करने को तैयार नहीं होते क्योंकि दूर से पानी भरकर लाने में महिलाओं का विशेष योगदान रहता है। ग्राम प्रधान हबीब उस्मान ने बताया कि बरईन का पुरवा गांव के लोगों को पीने के पानी की भारी दिक्कत है। गांव में पानी टंकी जल निगम द्वारा बना दी जाए तो समस्या का निदान हो सकता है। इस संबंध में जल निगम एवं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर मांग की गई है। समस्या का समाधान कब तक होगा यह तय नहीं है।




# पंछी बचाओ अभियान मध्यप्रदेश नगर में शीघ्र वितरण होगे सकोरे

**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में पंछी बचाओ समिति द्वारा इस वर्ष भी वृहद स्तर पर निशुल्क सिंकोरे उपलब्ध करवा रही हैं समिति के सदस्यगण अति शीघ्र आप के द्वार पर आ कर आप को निशुल्क सिंकोरे भेट करेगा आप को सिर्फ बेजुबान पंछियों के लिए पानी भर कर रखना हैं।

गर्मियों की शुरुआत हो गई है अब समय आ गया है कि अपने साथ साथ अन्य प्राणियों की भी सेवा की जाए। आपका एक छोटा सा प्रयास कई प्यासे पक्षियों एवं जीवो का प्यास बुझा सकती हैं। हमें सिर्फ इतना करना है कि अपने छत पर एक मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर रख देना है एवं अन्य लावारिस घूमते हुए पशुओं को भी देखें तो उन्हें पानी पिलाने की सेवा प्रदान करनी है।

गर्मी का आगाज हमें देखने को मिल रहा है। ऐसे हालात में न सिर्फ मनुष्य बल्कि पशु-पक्षी भी बेहाल है। ज्योतिष में कुछ उपाय बताएं गए है जिससे इस गर्मी में भी पुण्य लाभ कमाया जा सकता है। गर्मी के इस मौसम में घर के बाहर, छत पर या बालकनी में पक्षियों के लिए पानी जरूर रखना चाहिए, ताकि उन बेजुबान पक्षियों को भी पानी मिल सके। लेकिन क्या आप जानते हैं ज्योतिष के अनुसार भी पक्षियों को पाने पिलाने के बहुत से फायदे हैं। पशु पक्षियों को दाना और पानी पिलाने से भविष्य में आपके ऊपर आने वाली परेशानियां ये बेजुबान जानवर अपने ऊपर ले लेते हैं। इसके अलावा यह आपके ग्रह संबंधी दोषों को भी दूर करते हैं जिससे आपकी परेशानियां कम होने लगती।

गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए

गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास चिड़िया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती चिड़िया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। नगर में गर्मी बढने् लगी है। आने वाले सप्ताह और जेठ में और अधिक गर्मी पडने् की संभावना है। गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं।

## भोजन और पानी की होती है कमी

गर्मी में पक्षियों के लिए भोजन की भी कमी रहती है। पक्षियों के भोजन कीड़े-मकोड़े गर्मियों में नमी वाले स्थानों में ही मिल पाते हैं। खुले मैदान में कीड़ों की संख्या कम हो जाती है, जिससे पक्षियों को भोजन खोजने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। जंगलों में पेड़ों के पत्ते झड़ जाते हैं, साथ ही जल स्त्रोत भी सूख जाते हैं। वहीं मवेशियों के लिए भी चारागाह के अलावा खेतों में पानी की समस्या होती है, इस वजह से पानी के साथ भोजन की भी कमी से मवेशियों को जूझना पड़ता है।

क्या कहते हैं पशु चिकित्सक- पशु चिकित्सक डॉ. मनीष भट्ट ने बताया कि साल्ट और एनर्जी पक्षियों की किडनी के फंक्शन के लिए जरूरी है। इसकी पूर्ति खनिज-लवण युक्त पानी से हो सकती है। गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर पानी के बर्तन रखें और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें। पक्षियों के शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा संतुलित रहे, इसके लिए पानी मे गुड़ की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिए।

**समिति के सदस्यगण से संपर्क भी कर सकते हैं**

**समकित तलेरा 9907775601**
**कमलेश दायजी 8319001941**
**सुधीर शर्मा 9977935143**
**पवन नाहर 9424567444**
**आत्माराम शर्मा 9425486488**
**अविनाश गिरी 8770656330**
**विवेक व्यास 7477271150**

# बागड़ीया फलिया विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यकम संपन्न

## नगर परिषद अध्यक्षा उपाध्यक्ष सहित मंडल महामंत्री मौजूद थे



**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शा. मा. विद्यालय बागडिया फलिया थान्दला में कक्षा 6 टी में अध्ययन रत छात्र छात्राओं को साईकिल का वितरण श्रीमती लक्ष्मी सुनिल पणदा, अध्यक्ष नगर पंचायत थान्दला की अध्यक्षता एवं सुनिल पणदा महामंत्री, पंकज राठौर नगर परिषद उपाध्यक्ष के विशेष आतिथ्य में किया गया! शालेय बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए अध्यक्षा महोदया द्वारा सतत् शाला में आकर लक्ष्य निर्धारित करने व साईकिल से शाला आते जाते समय सुरक्षित रहने की सलाह दी गई! सुनिल पणदा द्वारा शाला की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए शाला के बच्चों व शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए हर समस्या का समाधान सक्रिय सहभागिता से करने का आश्वासन दिया! शाला के शिक्षक राजु कटारा द्वारा शाला की पूर्व व वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराया गया, इस अवसर पर शाला पीटीए अध्यक्ष शान्ति लाल निनामा, शिक्षिका श्रीमती अलका मैडा, श्रीमती रतन पला सिया, छात्रों के माता पिता, अभिभावक उपस्थित रहे! स्मरण रहे कि वार्षिक परीक्षा का दौर चल रहा हैं अंतिम समय मे साइकिल वितरण को ले कर जिला प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं किंतु मामाजी के राज मे लाडली बहना अब साइकिल खेत, खलिहान मे चलावेगी।

# "मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना" अन्तर्गत जिला स्तर पर संपादित की जाने वाली कार्यवाही हेतु प्रातः 10:00 बजे से वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग ली गई




**झाबुआ/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप सचिव ''कार्मिक'' मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ''मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना'' अन्तर्गत जिला स्तर पर संपादित की जाने वाली कार्यवाही हेतु 11 मार्च 2023 को प्रातः 10:00 बजे से वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है। वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में प्रातः 10:00 बजे से 10:45 तक आई.टी. डिपार्टमेन्ट का ई-केवाईसी पर प्रस्तुतीकरण एवं प्रातः 10:45 से 01:00 बजे तक संभागवार चर्चा की होगी। वीडियो कांफ्रेसिंग में जिला स्तर से प्रभारी कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास आर एस बघेल, अतिरिक्त मुख्य अधिकारी जिला पंचायत दिनेश वर्मा , सहायक संचालक श्रीमती वर्षा डावर, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त सुपरवाइजर महिला बाल विकास, सीएमओ नगरपालिका एवं पेसा एक्ट के जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह- 15 जोड़ों का होना था सामूहिक विवाह, 1 नहीं पहुंचा

## एक ही पंडाल में 14 जोड़ों ने लिए सात फेरे



**सोयत कला /विष्णु जाटव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में शनिवार को नगर परिषद के तत्वाधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन विश्राम गृह के समीप रेगे फार्महाउस पर किया गया। कार्यक्रम का समय जल्दी होने के कारण वर-वधू जल्दी पहुंच गए तो कई विवाह जोड़े देरी से पहुंचे 14 वर-वधू जोड़े का विवाह पंडित श्यामसुंदर यज्ञ आचार्य ने हिंदू रिती रिवाज से संपन्न करवाया। उक्त आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्याजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संपन्न करवाया। सम्मेलन में 15 जोड़ों का पंजीयन किया गया था । लेकिन एक जोड़ा अनुपस्थित रहा।? इस अवसर पर विधायक राणा विक्रम सिंह नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्कराज सिंह जादौन नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश बैरागी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग राजू अहिरवार समग्र सामाजिक संस्था अधिकारी नीलेश झांझरिया, नगर परिषद सीएमओ अशोक कुमार पांचाल व अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवयुवक दंपतियों को विवाह की शुभकामनाएं पेश कर आशीर्वाद प्रदान किया।

**यह दी ऊपर सामग्री**-वधु को उपहार स्वरूप ?11000 का चेक,?38000 की सामग्री जिसमें 51 बर्तन ,एलईडी ,टीवी टेबल कुर्सी बिस्तर पर सिलाई मशीन कुकर गोदरेज मिक्सर व स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए डस्टबिन उपहार स्वरूप प्रदान किए।

**होटल पर चाय नाश्ता करते दिखाई दिए बाराती**-कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू की तरफ से करें 25 से 30 रिश्तेदार परिजन पहुंचे। एक जोड़े को 20 भोजन के पैकेट दिए। वर वधु के परिजनों की संख्या अधिक होने और पैकेट कम होने के कारण कई लोग बाहर नाश्ता करते दिखाई दिए ।

# भीषण हादसों को आमंत्रण देता गणेश घाट भरे कंटेनर के असंतुलित होकर पलटने से लगी आग



**धार/आशीष पंचोली/दैनिक मालवा हेलार्ड।** जिला मुख्यालय से करीब 40 से 45 किलोमीटर की दूरी पर आगरा मुंबई राष्टीय राजमार्ग मानपुर से गुजरी के बीच पढ़ने वाला गणेश घाट जहां रोज होते हैं भीषण हादसे आज फिर इस मौत के घाट पर दो जिंदगीया दुर्घटना का शिकार हो गई, वहीं 3 लोगों के घायल होने की सूचना है। हालाकि नुकसान का अभी तक आकलन नहीं हो पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक मारुति से भरे कंटेनर के असंतुलित होकर पलटने से उसमें आग लगी, ट्रक की आग से 8 से 10 मारुति कारों में भी आग लगने सूचना है। एक दवाइयों से भरे कंटेनर में भी आग लगना बताया जा रहा, जिनके नुकसान का आकलन अभी तक नहीं हो पाया है।

ट्राले में सवार राजस्थान के चित्तौड़गढ़ रहने वाले लक्ष्मीलाल गावर ने बताया गाड़ी का ब्रैक फेल हो गया था। ब्रैक नहीं लग पाने के कारण गाड़ी डिवाइडर क्रॉस कर तोड़ते हुए दूसरी लेन की तरफ पहुंच गई। कंट्रोल नहीं होने के कारण सामने से आ रहे दो वाहनों आमने-सामने टक्कर हो गई। इस कारण ट्राले के ड्राइवर के पैर और क?लीनर का कंधा फंस गया। ऐसे में दोनों को निकालने के लिए काफी कोशिश की, लेकिन उन्हें निकाल नहीं सका। इसके बाद आग लग गई थी।

## बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला

हादसे के वक्त बस घटनास्थल पर ही किसी कारण से रुक गई। ग्रामीणों ने तुरंत बस में सवार यात्रियों को पहले उतारकर आग से दूर किया। इसके बाद बस को आगे बढ़ा कर निकाला गया। सभी यात्रियों और बस को सुरक्षति निकालकर इंदौर रवाना किया गया। हादसे के बाद से ही घाट पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रशासन ने पहुंचकर आसपास 5 फायर बिग्रेड की मदद से करीब 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। तीन घायलों को टोल एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए धामनोद अस्पताल भेजा गया। वही ब्रेक फैल ट्राले में जलकर कंकाल बने दोनों शवों को धामनोद अस्पताल भेजा गया।

## कब तक होंगे और हादसे

गणेश घाट में मौत के आंकड़े चौकाने वाले है ये घाट दुर्घटनाओं का पर्याय बन चुका है आखिरकार स्थिति यह है कि गणेश घाट में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है सैकड़ों लोग जान गवा चुके हैं यह क्रम आज भी जारी है मौत का पर्याय बन चुका गणेश घाट लगातार दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहा है लेकिन यहां पर बचाव की पहल शुरू नहीं हुई है सैकड़ों जान लेने वाला गणेश घाट आज भी हादसो के दौर से गुजर रहा है जिसका खामियाजा वाहन चालक और आस पास के रहवासी भुगत रहे हैं।

# श्री सालासर बालाजी भक्त मंडल के तत्वाधान मे फागउत्सव आयोजित

## भक्तो ने खेली फूलो की होली, कलाकारों ने दर्शकों का मन मोहा



**अकोदिया/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पाँच दिवसीय रंगों का महापर्व होली का सिलसिला जारी है शुक्रवार को श्री सालासर बालाजी मित्र मंडल अकोदिया के तत्वाधान मे बालाजी गार्डन में फ़ाग उत्सव 2023 का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे से प्रारंभ हुए फाग उत्सव एवं भजन संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन शर्मा ने श्री बालाजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया। फाग उत्सव में नगर के भजन गायक दीपक ठाकुर नितेश राठौर जगदीश चौहान, सत्यम ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर मंत्र मुग्ध कर दिया राष्ट्रीय भजन गायक जीवन योगी ने फाग गीतो की प्रस्तुतियां दीं। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों ने राधा कृष्ण का वेष धरकर होली गीतों पर एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम स्थल पर खूब फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम मे सम्मिलित होने आए दर्शकों को टोकन वितरित किए गए जिसमे लक्की ड्रा खुलने वाले दर्शकों को समिति सदस्य राजकुमार परमार की और से पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने पर बालाजी मित्र मंडल द्वारा सभी धर्म प्रेमी जनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम मे समिति सदस्य खामसिंह यादव,नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या मे भक्तजन उपस्थित रहे।

# श्री जी निकुंज हवेली में डोलोत्सव के साथ फाग संपन्न



**बड़नगर.(पंकज भावसार)/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री जी निकुंज हवेली रंगार सेरी में 40 दिवसीय वसंतोत्सव में फाग खेलन उत्सव के साथ उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में डोल उत्सव के साथ फाग का समापन हुआ। सभी भक्तों ने खूब भजन रसिया गान किया।होली आई रे मोहन पर रंग डालो ...आज ब्रज में होली रे रसिया... में तो न जाऊं ससुराल सखी री फागुन में...आदि रसिया पर रसिक जन में खूब होड़ लगी सभी रसिको ने खूब आनंद लिया।वृषभानु के जमाई की जय,होली के रसिया की जय के साथ मुखिया अखिलेश दवे ने आरती की हवेली गुंजायमान हो रही थी। ठाकुर जी के सम्मुख वल्लभीय वैष्णव, रसीया का गायन किया जिस से डोल उत्सव पूर्ण होता है। सुमधुर भजनों की प्रस्तुति सोनू राणा ने दी भक्तजन भक्ति नृत्य करते रहे। श्रीजी निकुंज हवेली में ठाकुर जी को केसर के साथ फूलों के साथ होली खिलाई।इस अवसर पर सीमा चौहान सीमा भावसार मोना भावसार रीना बलदेवा,हंसा व्यास पिंकी पंड्या प्रियंका पोरवाल सुरेश भावसार, सत्य प्रकाश पंड्या, सांवरिया शर्मा,सुनील व्यास,दीपक आचार्य, मंगेश चौहान नयन महेश्वरी विपिन दवे अमित जोशी संजय शर्मा अरविंद व्यास पंकज भावसार अनुराग बलदेवा उपस्थित थे।

## सार समाचार

### बकाया वसूली अभियान के अंतर्गत बकाया दारो की संपत्ति की जा रही कुर्क विद्युत विभाग द्वारा उठाई जा रही है मोटरसाइकिल




**आलोट/राकेश चौहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विद्युत विभाग द्वारा आलोट के कई गांवों में मार्च माह को देखते हुए बकाया वसूली अभियान के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है जिसमें उपभोक्ताओं की संपत्ति कुर्क की जा रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बकायेदारों की बाइक जप्त कर उनके मकान पर संपत्ति जप्त किए जाने की सूचना दी जा रही है ग्रामीण क्षेत्रों में जिन उपभोक्ताओं के बिल जमा नहीं है उन पर विद्युत विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है विक्रमगढ़ विद्युत वितरण केंद्र व खजूरी वितरण केंद्र सहित अन्य विद्युत वितरण केंद्रों पर कार्रवाई की जा रही है डिवीजन अधिकारी महेंद्र माईडा का कहना है कि मार्च माह में बकाया वसूली अभियान के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है उपभोक्ताओं की संपत्ति कुर्क की जा रही है ग्रामीण क्षेत्र में बकायेदारों की बाइक जबकि है और उनके मकान पर नोटिस चिपका कर संपत्ति जप्त किए जाने की सूचना दी जा रही है।

### बकाया वसूली अभियान के अंतर्गत बकाया दारो की संपत्ति की जा रही कुर्क विद्युत विभाग द्वारा उठाई जा रही है मोटरसाइकिल



**आलोट/राकेश चौहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विद्युत विभाग द्वारा आलोट के कई गांवों में मार्च माह को देखते हुए बकाया वसूली अभियान के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है जिसमें उपभोक्ताओं की संपत्ति कुर्क की जा रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बकायेदारों की बाइक जप्त कर उनके मकान पर संपत्ति जप्त किए जाने की सूचना दी जा रही है ग्रामीण क्षेत्रों में जिन उपभोक्ताओं के बिल जमा नहीं है उन पर विद्युत विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है विक्रमगढ़ विद्युत वितरण केंद्र व खजूरी वितरण केंद्र सहित अन्य विद्युत वितरण केंद्रों पर कार्रवाई की जा रही है डिवीजन अधिकारी महेंद्र माईडा का कहना है कि मार्च माह में बकाया वसूली अभियान के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है उपभोक्ताओं की संपत्ति कुर्क की जा रही है ग्रामीण क्षेत्र में बकायेदारों की बाइक जबकि है और उनके मकान पर नोटिस चिपका कर संपत्ति जप्त किए जाने की सूचना दी जा रही है।

### बड़ोद रोड पर 120 क्वार्टर सुपर मास्टर अंग्रेजी शराब ले जाते रंगे हाथ पकड़ा




**आलोट/राकेश चौहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आलोट बड़ौद रोड पर अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार पुलिस का दर्द पकड़ अभियान जारी है मुखबिर की सूचना पर दबिश से बड़ौद रोड से 120 क्वार्टर सुपर मास्टर अंग्रेजी शराब ले जाते तीन युवकों को रंगे हाथ पकड़ा 120 क्वार्टर सुपर मास्टर शराब की कीमत ?15000 आंकी गई है इसके साथ ही एक बोलेरो वाहन जिसकी कीमत ?300000 है को भी जप्त किया गया उप निरीक्षक पंकज राजपूत द्वारा कार्यवाही करते हुए आबकारी अधिनियम के अंतर्गत तीन युवक जिनमें दीपेंद्र उर्फ दीपक पिता गजराज निवासी गांव बोरखेड़ा आष्टा सीहोर के साथ राहुल पिता अमान निवासी दशहरा मैदान रूतवास देवास व विलास देशमुख पिता वसंतराव निवासी हवेली थाना गांव दलोरा बेतूल को रंगे हाथ शराब ले जाते पकड़ा गया जिन पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार का प्रदर्शन करते दो युवकों को अलग-अलग जगह से किया गिरफ्तार



**आलोट/राकेश चौहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आलोट स्थित शीतला माता मंदिर के सामने आम रोड दशहरा मैदान से सूचना मिलने पर सचिन पिता मुकेश निवासी उप्पल्ली टोली को लोहे का धारदार छोरा जिसकी कीमत ?100 है प्रदर्शन करते रंगे हाथ पकड़ा वही शासकीय स्कूल के सामने आम रोड बबुनिया में कालु उर्फ कालुराम पिता कुशाल निवासी खारोल गली रावला मोहल्ला आलोट से लोहे की धारदार नंगी तलवार जिसकी कीमत?300 है लोगों को डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़ा है दोनों युवकों पर आलोट पुलिस द्वारा 25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### आपदा जोखिम न्यूनीकरण की बैठक में शामिल हुए महापौर श्री टटवाल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्री मुकेश टटवाल जलवायु परिवर्तन तथा स्थानीय प्रतिरोध क्षमता आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दो दिवसीय बैठक मे शामिल हुए तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में अभिनव विचारों और पहलों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## सम्पादकीय

# इन्फ्लुएंजा की दस्तक

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में अचानक होने वाले बदलावों से जो सर्दी-गर्मी की स्थिति पैदा हो रही है, वह कई तरह के रोगों को जन्म दे रही है। इसी क्रम में देश के विभिन्न भागों में इन्फ्लएंजा की दस्तक चिंता बढ़ाने वाली है। जिसमें खांसी, बुखार, गले में जलन, ब्रॉन्काइटिस जैसी फेफड़ों से जुड़ी तकलीफें लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। चिंता इसलिये भी है कि इसके लक्षण कोविड वायरस जैसे ही हैं। वैसे तो यह वायरस दो-तीन दिन में ठीक हो सकता है लेकिन यदि कई हफ्ते तक प्रभाव रहता है तो कारगर इलाज की जरूरत महसूस की जाती है। इन्फ्लुएंजा के एच3एन2 वायरस के प्रभाव की वजह मौसम का अचानक सर्द व गर्म होना कहा जा रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग सावधानी रखने की बात कह रहे हैं। कहा जा रहा है कि भारत की बड़ी आबादी को प्रतिरोध टीके लगे होने की वजह से स्थिति नियंत्रण में ही रहेगी क्योंकि अधिकांश लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो गई है। इसके बावजूद वायरस के प्रसार के चलते सावधानी बरतना व्यक्ति के हित में रहता है। यही वजह है कि सामान्य खांसी, जुकाम,बुखार के लक्षण दिखने पर साफ-सफाई, भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचने व मास्क के प्रयोग की सलाह भी दी जा रही है। यानी लोगों को कोरोनोचित व्यवहार को इस संक्रमण में लाभदायक बताया जा रहा है। हालांकि भारत जैसे सघन आबादी वाले देश में इसके प्रसार का जोखिम लगातार बना रहता है। जिसमें सावधानी ही कारगर उपाय कहा जा सकता है। कर्नाटक में एक व्यक्ति की मौत ने चिंता बढ़ाई है हालांकि उम्रदराज व्यक्ति पहले ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह समेत कई रोगों से पीड़ित बताया जाता है। हालांकि, ऐसी बात हरियाणा में एक व्यक्ति को लेकर कही जा रही है, लेकिन सरकारी स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है।वहीं दूसरी ओर चिकित्सा विशेषज्ञ इन्फ्लुएंजा के विषाणु को ज्यादा घातक नहीं मान रहे हैं लेकिन स्वच्छता के उपाय तथा खानपान की सजगता को मददगार मान रहे हैं। जिससे शरीर में इसके विषाणु प्रवेश न कर सकें तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बने। बहरहाल, लोगों में भय-असुरक्षा फैलने से रोकने के लिये समय रहते बचाव की तैयार होनी चाहिए। दरअसल, इन्फ्लुएंजा-ए वायरस के एच3एन2 सब-टाइप के लगातार बढ़ते मामलों ने इसलिये चिंता बढ़ाई है क्योंकि इसके अधिकांश लक्षण कोविड-19 जैसे हैं। जो वायु-प्रदूषण से तेजी से फैल सकता है। एक रोगी में कफ, बुखार, उल्टी, गले व शरीर में दर्द, थकान व आंतों में दर्द जैसे लक्षण दिखायी देते हैं। जबकि कम रोगप्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चों, बूढ़ों तथा बीमार लोगों को यह जल्दी गिरफ्त में लेता है। आईसीएमआर के अनुसार कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों के लिये यह एक चुनौती है। पश्चिम बंगाल में पहले इसने बड़ी संख्या में बच्चों को निशाने पर लिया है। लेकिन यदि बुखार लंबे समय तक कम न हो और सांस लेने में परेशानी हो तो डॉक्टर की सलाह लेने से परहेज नहीं करना चाहिए। वहीं ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल 95 से कम होने पर चिकित्सीय सलाह की बात कही जा रही है। वहीं आइएमए ने एंटीबायटिक दवाओं से परहेज की बात कही है। दरअसल, आईसीएमआर ने संक्रमण रोकने के लिये वही उपाय बताए हैं जो कोरोना से बचाव के दौरान निर्धारित किये गये थे। वहीं इम्युनिटी बढ़ाने के लिये अधिक साग-सब्जी, तरल पदार्थों और पोषक तत्वों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। ज्यादा आराम व गुनगुने पानी के उपयोग की भी सलाह दी जा रही है। लेकिन चिंता तब होगी यदि वायरस म्यूटेशन करता है। उस स्थिति में दुबारा संक्रमित होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों को लेकर ज्यादा सतर्क रहना होगा। संक्रमण की स्थिति में मधुमेह, हृदय रोग व कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को इन्फ्लुएंजा वैक्सीन की सलाह भी कुछ डॉक्टर देते हैं। बहरहाल, कोरोना संकट से मुक्त देश में इस वायरस के संक्रमण की चिंता के बीच शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समीक्षा बैठक करके एडवाइजरी जारी की है।

# विवेक की जागृति द्वारा शाश्वत सत्य का ज्ञान ही सहजयोग की नींव है

## सभी धर्म एक ही वृक्ष की विभिन्न शाखाएं हैं



एक बार भगवान गौतम बुद्ध एकांत स्थल श्रावस्ती में विश्राम कर रहे थे। उसी समय श्रावस्ती नरेश चंद्रचूड़ उनके दर्शनों के लिए उपस्थित हुए। महाराज चंद्रचूड़ एक कर्त्तव्यपरायण राजा थे। परन्तु वे अपने कर्तव्यों का वहन करते समय धर्म और विभिन्न संप्रदायों की विविध मान्यताओं से भ्रमित हो गये थे और अपनी समस्या के समाधान के लिए भगवान बुद्ध के समक्ष एक साधारण व्यक्ति की तरह उपस्थित हुए तथा उन्हें आदरपूर्वक प्रणाम किया। एक राजा होकर भी उनके मन में भगवान बुद्ध के प्रति संपूर्ण श्रद्धा व समर्पण का भाव था। भगवान बुद्ध सोच रहे थे कि, राजा चंद्रचूड़ एक जिज्ञासु साधक हैं, और राजा के समाधान का अर्थ है, संपूर्ण प्रजा का समाधान। अतः तथागत उन्हें उस स्थान पर ले कर गए जहां एक बड़ा सा हाथी था और सभी जन्मांध विद्यार्थी उस पर चर्चा कर रहे थे। तथागत बुद्ध राजा चंद्रचूड को लेकर उन विद्यार्थियों के पास पहुँचे और बोले, बंधुओं, आपने क्या कभी हाथी देखा है? सभी ने एक साथ उत्तर दिया नहीं। चलो, आज हम आपको हाथी का दर्शन करवाते हैं। सभी विद्यार्थी अपने हाथ से स्पर्श कर हाथी का अवलोकन करने लगे, थोडी देर बाद 'तथागत' ने पूछा हाथी कैसा है? कोई एक बोला हाथी खंबे जैसा है, उसने हाथी के पैर को स्पर्श किया था। जिसने कान को स्पर्श किया उसने कहा सूप जैसा । जिसने मस्तक को स्पर्श किया था वो बोला हाथी %पत्थर% जैसा है। इनके उत्तर सुनकर राजा चंद्रचूड़ हँसने लगे, बोले भगवन, ये सभी हाथी के कोई एक अंग को ही बता रहे हैं। उस पर तथागत बुद्ध बोले, महाराज धर्म का सनातन स्वरूप भी ऐसा ही है, अपना विवेक जागृत कर जब हम सभी धर्म और पंथों का सूक्ष्म अभ्यास करते हैं तब ही हम उस परम तत्व को जान सकते हैं।

परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित सहजयोग भी सभी धर्मों का सार है। प. पू. श्री माताजी कहते हैं कि, आपका विवेक जागृत करने के लिये आपको अपना सूक्ष्म तंत्र समझना पडेगा। सहजयोग स्व के तंत्र को समझने का विज्ञान है। श्री माताजी के समक्ष कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार -प्राप्ति के पश्चात् जब आपका प्रथम चक्र मूलाधार स्वच्छ और पोषित हो जाता है तो मूलाधार स्वामी श्री गणेश जी की अनुकंपा से आप में सूक्ष्म-पवित्र विवेक आ जाता है। उस विवेक के आधार पर आप स्वयं ही जान जाएंगे कि सभी धर्मों का एक ही सार है। धर्म का वृक्ष एक ही है मात्र शाखाएं अलग अलग हैं। इस शाश्वत सत्य का ज्ञान बाह्य आडंबरों, कर्मकाण्ड व कट्टरता से मुक्ति प्रदान करता है तथा हमारा हृदय विशाल व प्रेम का अक्षय स्रोत बन जाता है।

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं . 1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल - लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे

# घर में सुबह-शाम दीपक जलाने के इन 5 नियमों को जानें, परेशानियों का होगा नाश

धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

अपने घर में पूजा-पाठ और त्योहारों के समय दीपक तो हम सभी जलाते हैं लेकिन कई बार अनजाने में हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जिसका हमें नुकसान उठाना पड़ता है. इसलिए दीप जलाने से जुड़े नियमों को जानना जरूरी है.

धर्म ग्रंथों में दीपक या दीया जलाने का बड़ा महत्व बताया गया है. ऋग्वेद की मानें तो दीप में देवताओं का तेज बसता है. यही कारण है कि पूजा-पाठ हो, कोई सांस्कृतिक उत्सव हो या फिर कोई त्योहार- सभी की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके ही की जाती है. दीपक या दीये के प्रकाश को ज्ञान का प्रतीक भी माना जाता है क्योंकि यह अंधकार से उजाले की ओर ले जाता है. यही कारण है शास्त्रों में सुबह-शाम घर में दीपक जलाने की सलाह दी जाती है. ऐसा करने से सभी तरह की परेशानियां समाप्त हो जाती है, घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है और मन को भी शांति मिलती है. इस अनुसार दीप जलाते समय हमें कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए-

### दीप जलाते वक्त इन नियमों का पालन करें

1. **कहां रखें दीपक-** ज्योतिष शास्त्र की मानें तो पूजा करते समय केवल दीप जलाना ही प्रर्याप्त नहीं है बल्कि उसे कहां रखना है यह भी जानना उतना ही जरूरी है. इसलिए दीप को हमेशा भगवान की तस्वीर के ठीक सामने रखना चाहिए. इसके अलावा अगर घी का दीपक जला रहे हैं तो उसे अपने बाएं हाथ की ओर रखें और तेल का दीपक जला रहे हों तो उसे अपनी दाईं ओर रखें.

2. **कैसी होनी चाहिए बाती-** बहुत से लोग हर तरह के दीप में एक ही बाती का इस्तेमाल करते हैं लेकिन घी और तेल की बाती अलग-अलग होनी चाहिए. अगर आप घी का दीपक जला रहे हों तो दीप में रुई की बाती रखें लेकिन अगर तेल का दीपक जलाएं तो उसमें लाल धागे की बाती बनाएं. ऐसा करना शुभ माना जाता है.

3. **किस दिशा में जलाएं दीपक-** बहुत से लोग घर के कोनों में भी दीया जलाते हैं लेकिन ध्यान रखें कि दीपक को कभी भी पश्चिम दिशा में न रखें. ऐसा करने से आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. साथ ही दीपक को इस तरह से भी न रखें कि उसकी रोशनी दक्षिण (South) दिशा की ओर पड़े. शाम के समय घर के मुख्य द्वार पर दीपक जलाना भी शुभ होता है.

4. **किस समय जलाएं दीप-** जब मन करे तब भगवान की पूजा कर ली या दीपक जला लिया, ऐसा करने से नुकसान हो सकता है. इसलिए सुबह 5 बजे से लेकर 10 बजे तक और शाम में 5 बजे से 7 बजे के बीच में ही दीप जलाना चाहिए.

5. कैसा हो दीपक- ध्यान रहे कि आप पूजा में जिस दीप का इस्तेमाल कर रहे हों वह कहीं से भी खंडित नहीं होना चाहिए. खंडित दीये में दीप जलाने से देवी लक्ष्मी अप्रसन्न हो सकती हैं. साथ ही दीपक जलाने से पहले दीये को अच्छे से साफ कर लें. अगर पूजा करते वक्त किसी कारण दीपक बुझ जाए तो उसे तुरंत दोबारा जलाकर ईश्वर से क्षमा याचना कर लें.

### आरती में दीपक बुझ जाने से क्या वाकई होता है अपशकुन? आखिर क्या कहते हैं धर्म शास्त्र

क्या पूजा-अर्चना के दौरान अचानक दीपक का बुझ जाना वाकई किसी अपशकुन की ओर संकेत करता है या फिर इसका कोई अन्य अर्थ है. आज हम शास्त्रों के जरिए इस पर आपका ज्ञानवर्धन करते हैं.

सनातन धर्म में कई ऐसी महान प्राचीन परंपराएं हैं, जो आज भी दुनिया के करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रही हैं. इन्हीं में एक परंपरा है दीपक जलाना. शायद ही कोई ऐसा शुभ कार्य होगा, जिसकी शुरुआत दीपक जलाकर न की जाती होगी. मान्यता है कि ऐसा करने से जातक को सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और वे जीवन से सभी अंधकार दूर कर देते हैं. लेकिन अगर कभी आरती करते वक्त दीपक बुझ जाए तो यह किस बात का संकेत होता है.

**आइए आज इसके बारे में विस्तार से बताते हैं.**

### देवी-देवताओं के नाराज होने के संकेत

धर्म शास्त्रों के मुताबिक पूजा के दौरान दीपक के बुझ जाने का अर्थ ये होता है कि देवी-देवता आपसे नाराज हैं. ऐसा होने पर पूजा करने वाले की मनोकामनाएं पूर्ण होने में बाधा आती हैं. ऐसी स्थिति में हाथ जोड़कर ईश्वर से सच्चे मन से क्षमा मांग सकते हैं और दोबारा से दीपक प्रज्वलित कर सकते हैं.

### सच्चे मन से आराधना न करना भी एक वजह

पूजा के दौरान दीपक बुझ जाने का एक अर्थ ये भी होता है कि व्यक्ति सच्चे मन से ईश्वर की आराधना नहीं कर रहा है. इसकी वजह मोबाइल का इस्तेमाल या दूसरी बातों का ध्यान हो सकता है. ऐसे में बेहतर रहेगा कि पूजा-अर्चना से पहले आप अपने सारे गैजेट्स बंद कर दें.

### किसी अनिष्ट का संकेत होता है दीपक का बुझना

आरती के समय दीपक का बुझना किसी अनिष्ट के होने का संकेत होता है. ऐसे में बेहतर रहेगा कि पूजा शुरू करने से पहले आप उसमें पर्याप्त घी-तेल डाल लें. साथ ही उसकी उसकी बाती की लंबाई भी एक बार जांच लें. अगर आप इन सावधानियों का ध्यान रखेंगे तो निश्चित रूप से दीपक देर तक जलता रहेगा.

### दीपक जलाने से पहले कूलर-पंखे बंद कर दें

आप जिस जगह पूजा कर रहे हों, वहां पर कूलर-पंखे बंद कर दें. साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि दीपक पर तेज हवा न पड़ रही हो. अगर उस तक तेज हवा आ रही हो तो किसी चीज से उसकी ओट कर दें, जिससे वह बुझने न पाए.

पूजा करते समय दीया बुझना अपशकुन है?आरती करते समय किन बातों का रखना चाहिए ध्यान, जानिये क्या कहता है ज्योतिष शास्त्र

पूजा के समय दीपक बुझने के कई संकेत होते हैं।

आइए जानते हैं पूजा के समय दीपक बुझना किस बात का संकेत देता है।

हिंदू धर्म में कई तरह की धार्मिक मान्यताएं और प्रथाएं हैं। पूजा के दौरान दीपक बुझना अशुभ माना जाता है। हम किसी भी धार्मिक समारोह में दीपक जलाते हैं। वहीं किसी भी कार्यक्रम की शुरुआत दीपक जलाकर ही किया जाता है। मान्यता के अनुसार दीप जलाकर देवताओं की आरती करने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। दीप जलाकर आरती करने से जीवन का अंधकार दूर होता है और जीवन में प्रकाश और ज्ञान आता है। पूजा के दौरान अगर दीपक बुझ जाए तो क्या होगा? आइए इसके बारे में जानते हैं।

### पूजा के समय दीपक बुझने से नहीं पूरी होती मनोकामना

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ऐसा माना जाता है कि पूजा के दौरान अगर दीपक बुझ जाए तो पूजा करने वाले की मनोकामना पूरी होने में बाधा आती है। पूजा में दीपक बुझना देवताओं की अप्रसन्न होने का संकेत माना जाता है।

### पूजा के समय दीपक का बुझना इस बात का भी होता है संकेत

वहीं ऐसी भी मान्यता है कि दीया बुझना इस बात का संकेत है कि व्यक्ति ईमानदारी से भगवान की पूजा नहीं कर रहा है। हालांकि, दीपक के बुझने के और भी कई कारण हो सकते हैं। विद्वानों का मत है कि यदि किसी पूजा के दौरान दीपक बुझ जाए तो आप हाथ जोड़कर भगवान से क्षमा मांग सकते हैं और फिर से दीपक जला सकते हैं।

### पूजा आरती करते समय इन बातों का रखें ध्यान

ज्योतिष के अनुसार पूजा आरती के दौरान दीपक के संबंध में कुछ विशेष सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है। किसी भी व्यक्ति को इस बात का पूरा ध्यान नहीं रखना चाहिए कि पूजा या आरती के दौरान दीपक बाहर न जाए। इसलिए दीपक बनाते समय इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि दीपक में पर्याप्त मात्रा में तेल या घी हो।

हमें दीये में इस्तेमाल होने वाले रुई के बारे में अच्छी जानकारी होनी चाहिए। इससे उत्पन्न बत्ती ठीक से बनानी चाहिए। इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि जिस स्थान पर आरती की जा रही हो उस स्थान पर हवा बहुत तेज न चले। अगर पंखा, कूलर इधर-उधर चल रहा है, तो उसे बंद करना एक अच्छा विकल्प है।

**12 मार्च 2023 राशिफल-** जीवन का आनंद लेंगे, आज सही मूड में रहेंगे, शीघ्र धन कमाने की इच्छा होगी

**मेष राशि-**

आज का भविष्य कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़े और बेचैन कर सकते हैं. आप किसी ऐसे सोर्स से पैसा कमा सकते हैं, जिसके बारे में आपने पहले सोचा भी नहीं होगा। अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के अटके हुए कामों को पूरा करने की व्यवस्था करें। प्रेम की भावना ठंडी हो सकती है। अपने वरिष्ठों को दस्तावेज तब तक न दें जब तक कि आप संतुष्ट न हों कि सारा काम हो गया है।

उपाय मेष राशि वाले जातक आज घर में कोई भी जानवर चाहे कुत्ता या बिल्ली पाल लें, लाभ मिलेगा।

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग- लाल**

**वृषभ राशि-**

आज का भविष्य आज का दिन कार्यक्षेत्र में उन्नति का दिन होगा। माता-पिता के साथ आपके संबंध सुधरेंगे। किसी भी कोर्ट केस में फैसला आपके पक्ष में होगा। इससे मन में भी प्रसन्नता बनी रहेगी। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। कोई सोचा हुआ काम पूरा होगा। किसी करीबी को आज आपसे कुछ उम्मीदें होंगी।

उपाय वृष राशि वाले आज बच्चों की सैतानियों को नजरअंदाज कर दें, तो आपका काम बनेगा।

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-सफेद**

**मिथुन राशि**

आज का भविष्य आज आपको शुभ समाचार मिल सकता है. धन लाभ की संभावनाएं हैं। आपके पास बहुत सारे काम बकाया हैं, स्थिति कैसी भी हो, आप इस सारे काम को प्रभावी ढंग से पूरा करेंगे। आपको आय का एक अतिरिक्त स्रोत मिल सकता है। संपत्ति या वाहन की खरीद-बिक्री में लाभ होगा।

उपाय मिथुन राशि के जातक घर में गौतम बुद्धा रखेंगे तो आपका बिगड़ा काम बन जाएगा।

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-पीला**

**कर्क राशि-**

आज का भविष्य स्वास्थ्य के लिहाज से दिन बहुत अच्छा है। आपकी प्रसन्नता ही आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी। आप पैसा कमा सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा राशि को पारंपरिक तरीके से निवेश करें। पारिवारिक तनावों को अपना ध्यान भंग न करने दें। बुरा वक्त हमें बहुत कुछ देता है।

उपाय कर्क राशि के जातक आज ऑफिस में सहयोगियों को प्यारा से मैसेज भेजें, मतभेद दूर होंगे।

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-गुलाबी**

**सिंह राशि-**

आज का भविष्य आज आपको परिवार वालों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा. इस राशि के पुस्तक विक्रेता के लिए आज का दिन लाभकारी हो सकता है। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की समाज में बेहतर छवि बन सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में अवश्य मिलेगा।

उपाय सिंह राशि वाले जातक आज घर से निकलते वक्त दाया पैर को पहले निकालें, काम बनेगा।

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-लाल**

**कन्या राशि-**

आज का भविष्य अटकने के बाद काम बनेगा. घर में कोई समस्या आ सकती है। वेतनभोगी लोगों के लिए रैंक और पारिश्रमिक में भी सुधार संभव है। आपको अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

उपाय कन्या राशि के जातक आज रात को सोते वक्त सिरहाने पानी रखें और सुबह उसे 7 बार उबार कर पेड़ में डाल दें,फिर देखें लाभ।

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-पीच**

**तुला राशि-**

आज का भविष्य आज आप जीवन का आनंद लेने के लिए खुद को सहज और सही मूड में पाएंगे. आपमें शीघ्र धन कमाने की प्रबल इच्छा होगी। कोई पत्र या ई-मेल पूरे परिवार के लिए शुभ समाचार लेकर आएगा। आज आपके दिल और दिमाग में रोमांस बना रहेगा।

उपाय तुला राशि के जातक कोई शुभ समाचार घर का माहौल खुशनुमा बना देगा

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-काला**

**वृश्चिक राशि-**

आज का भविष्य आज ऑफिस में बड़े अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. आमदनी में वृद्धि होने की संभावना है। आप दिन भर तरोताजा महसूस करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा।

उपाय वृश्चिक राशि के जातक आज घर में राधा-कृष्ण की फोटो ना हो तो लगाएं, परिवार के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-लाल**

**धनु राशि-**

आज का भविष्य आज आप व्यापार के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाने में सफल रहेंगे. आपका जीवनसाथी और संतान सुख का स्रोत बनेगा। हालांकि मां के स्वास्थ्य पर थोड़ा असर पड़ सकता है। परिवार में सभी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप साहस से भरे रहेंगे। आप खुद को बहुत मजबूत महसूस करेंगे।

उपाय धनु राशि के जातक आज गले में रेड स्टोन पहने व्यवसाय में लाभ होगा।

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-पीला**

**मकर राशि-**

आज का भविष्य आज के दिन सेहत को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है. आपके आस-पास के लोग आपको प्रोत्साहित और सराहेंगे। आप यात्रा करने और पैसे खर्च करने के मूड में रहेंगे - लेकिन अगर करते हैं तो आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को प्राथमिकता दें।

उपाय मकर राशि के जातक प्यार बना रहें इसके लिए घर में खुशबू वाला प्लांट लगाए

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-बैगनी**

**कुंभ राशि-**

आज का भविष्य आज कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा. सभी रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे। यदि आप अपने बड़े भाई-बहनों की मदद से कोई काम शुरू करते हैं तो उसमें आपको निश्चित तौर पर तरक्की मिलेगी। आज आपका मन अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा।

उपाय कुंभ राशि वाले आज जातक नारंगी रंग का कपड़ा पहनकर ही किसी खास काम को करें लाभ मिलेगा।

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-सफेद**

**मीन राशि-**

आज का भविष्य आज आप जीवन के प्रति अपने नजरिए में सकारात्मक बदलाव लाएंगे. परिवार के सदस्यों के साथ छोटी यात्राएं या भ्रमण की योजना बन सकती है। आपका पारिवारिक जीवन आनंदमय और खुशहाल रहेगा। किसी छिपे हुए भय से भय आ सकता है। सफलता के नए द्वार खुलने के संकेत हैं।

उपाय मीन राशि वाले आज जातककिसी भी अधेड़ उम्र की महिला को लाल रंग की साड़ी देंगे तो नौकरी में लाभ होगा।

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-लाल**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# सोशल नेटवर्किंग,डिजिटल क्रांति सफलता भी मानसिक सामाजिक परेशानियां भीद्य

21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निर्माता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूज़पेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल,ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है। भारत देश के अच्छे कार्यों तथा चीन और पाकिस्तान के गलत तरीके से भारत की सीमा में घुसने के समाचारों को सोशल नेटवर्किंग से प्रचारित प्रसारित कर भारत को वैश्विक समर्थन आप करने में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। भारत के प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति भी सोशल मीडिया के कारण ही बने हैं।पर यदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू पर अपन चर्चा ना करें तो यह बात अधूरी रह जाएगी, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग मानव मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जिससे व्यक्ति के डिप्रेशन में जाने की संभावना हो सकती है। सोशल मीडिया साइबर क्राइम को बढ़ावा देता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां हर संप्रदाय तथा धर्म के लोग निवास करते हैं ऐसे में सोशल मीडिया फर्जी न्यूज़ तथा भड़काऊ भाषण फैलाने में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे देश में स्थिरता एवं सांप्रदायिक दंगे फैलने की संभावना बलवती होती है। इसके अलावा साइबर अपराध का भी एक बड़ा माध्यम बन गया है। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग मनुष्य के शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा प्रभावित करता है एवं मनुष्य की स्मरण शक्ति सोचने की शक्ति विश्वास की प्रवृत्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है, और इसके अनियंत्रित प्रयोगों से व्यक्ति कि व्यक्ति से दूरी बढ़ते जा रही है। साइबर स्कैम या अपराध सोशल मीडिया की सबसे बड़ी नकारात्मक बात है। फेसबुक तथा ट्विटर सबसे ज्यादा धार्मिक भावनाओं और राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान का निषेध करने वालों कानूनों का उल्लंघन करता है। सोशल नेटवर्किंग आज की स्थिति में सामाजिक सौहार्द के सामने सोशल मीडिया एक चुनौती बनकर खड़ा है। जो अनेक भ्रांतियां तथा भ्रम फैलाने का काम करता है। इस तरह सोशल मीडिया नेटवर्क ज्ञान, धन अर्जन एवं अच्छे कामों के लिए संचार का सुलभ माध्यम है पर इसके दुरुपयोग से इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े हुए हैं। सोशल नेटवर्किंग अब जीवन का एक आवश्यक हिस्सा बन चुका है अतः आवश्यक है कि निजता के अधिकार का उल्लंघन किए बिना सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए हम सबको नए विकल्पों की खोज करनी चाहिए, जिससे इसकी अच्छाइयों को आत्मसात करते हुए भविष्य में इसके संभावित दुरुपयोग नुकसान तथा दुष्प्रभावों से बचने का उपाय हमें खोजना होगा।



संजीव ठाकुर

**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

### चेतक तेरे बगैर राणा की कोई मूर्ति नहीं होगी....

# आजाद चौक में हुआ अभा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चेतक तेरी सौगंध मुझे दुश्मन का नाम नही होगा, जब तक ये राणा जिंदा है मेवाड़ गुलाम नहीं होगा, एक वचन मेरा भी है, एक शपथ मेरी भी है, जिसकी प्रतिपूर्ति नहीं होगी, चेतक तेरे बगैर राणा की कोई मूर्ति नहीं होगी....अंजाम अजय की विनती है, अब तो दोनो बाजू खोलो, राणा चेतक के साथ-साथ भारत माता की जय बोलो.....राक्षसी विशालकाय ताड़का को मारना है, मारीच सुबाहु को ठिकाने पहुंचाएंगे, रावण की लंका को जलाना अभी बाकी है हनुमान जी से कह आग लगवाएंगे...सौंदर्य बिगाड़ना है सूर्पणखा का भी हमे लक्ष्मण से बोलकर नाक कटवाएंगे....अवध में मंदिर के बनने से पहले ही भारत को राम जी का मंदिर बनाएंगे.....!

यह पंक्तियां शुक्रवार की रात को जहां वातावरण में वीर रस घोल रही थी तो साथ में खुशनुमा माहौल में भी लोग ठहाके लगा रहे थे। दरअसल सर्व हिन्दू उत्सव समिति के



तत्वावधान में चन्द्रशेखर आजाद होली उत्सव समिति द्वारा शुक्रवार रात को आजाद चौक में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। जिसने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। केवल वीर रस ही नहीं बल्कि हास्य रस के कवि ने भी होली के पर्व पर ऐसे खुशी के रंग बिखेरे कि लोग ठहाके लगाते-लगाते थक गए लेकिन ठहाके नहीं थमे। ऐसे कवि भी थे, जिन्होंने शहरवासियों पर एक बार फिर देशभक्ति का रंग चढ़ा दिया। यही वजह थी कि रात 9 बजे से शुरू हुआ आयोजन देर रात तक चलता रहा और श्रोता भी देर रात तक कवियों की रचनाओं का आनंद लेते रहे।

## सर्व हिन्दू उत्सव समिति ने किया कवियों का सम्मान

आयोजन के बाद सर्व हिन्दू उत्सव समिति द्वारा कवि सम्मेलन में शशिकांत यादव शशी (सबरस संचालन) देवास, अजय अंजाम (वीररस) ओरय्या कानपुर, योगिता चौहान (गीत-गजल) आगरा, दीपक पारिख (हास्य कवि) भीलवाड़ा, अर्जुन अल्हड़ (हास्य कवि) कोटा, राहुल शर्मा (वीर रस) उज्जैन और जगदीश (वीर रस) को सम्मानिजत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# सोमवारिया बाजार में पेंशनर्स के लिए लगेगा डे केयर सेंटर

### नगर पालिका अध्यक्ष ने की घोषणा



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रशासन द्वारा पेंशनर्स की सुविधाओं के लिए डे केयर सेंटर को अब शहर के मध्य सोमवारिया बाजार स्थित लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में प्रारंभ किया जाएगा।

यह घोषणा जिला पेंशनर्स एसोसिएशन की पहल पर आयोजित होली मिलन एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने नगरपालिका के अध्यक्ष प्रेम जैन की उपस्थिति में तथा कलेक्टर दिनेश जैन से चर्चा उपरांत उपस्थित पेंशनर को संबोधित करते हुए की। कार्यक्रम में भोपाल से पधारे तथा शाजापुर के निवासी सेवानिवृत्त एसपी जितेन्द्रसिंह कुशवाह ने उन्हें आमंत्रित कर सम्मान देने के लिए नगर के सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन ने इस अवसर पर कहा कि स्थानीय प्रशासन के रूप में हम सभी वृद्धजनों के साथ है और उनकी हर समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करते हुए आवश्यक संसाधन के साथ सुविधा देने के लिए वचनबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. जगदीश भावसार ने की। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र रिणवा ने बताया कि शनिवार को माह फरवरी एवं मार्च में जन्म लेने वाले 40 पेंशनर का स्वागत कर सम्मान किया गया तथा माह फरवरी और मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले 8 कर्मचारियों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर होली मिलन समारोह के संयोजक राजेंद्र सक्सेना ने सभी को रंग गुलाल लगाकर फूलों की होली से स्वागत किया। कार्यक्रम में संरक्षक वीरेन्द्र व्यास, सोमचंद्र जैन, दिनेश झाला, मनोहरलाल राय, शंकरलाल शर्मा, चंद्रकांत मोहाड़कर, महेन्द्र आर्य, गुलाब गुप्ता आदि उपस्थित थे। संचालन प्रदीप तिवारी, रामचंद्र चौहान व अनिल शर्मा ने किया।

# समारोह पूर्वक शुरू हुआ साबरमती एक्सप्रेस का शहर में स्टॉपेज

### - सांसद ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

### - ट्रेन चालक व पायलेट का किया स्वागत





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरवासियों की रेलवे की सुविधाओं की मांग को सांसद ने शनिवार को पूरा कर दिया, जिनके अथक प्रयासों से जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन पर साबरमती यहां रूकने लगी है। इस ट्रेन से शहरवासियों को लंबी दूरी की यात्रा करने में काफी सहायता मिलेगी। तो व्यापारियों को भी इस ट्रेन से काफी लाभ मिलेगा।

इस ट्रेन के स्टॉपेज के लिए शहरवासी इसीलिए मांग कर रहे थे कि उन्हें लंबी दूरी की यात्रा करने के लिए कोई बेहतर सुविधा मिले। इसके लिए शहरवासियों के अलावा जिलेवासी भी लंबे समय से इस ट्रन के स्टॉपेज की राह देख रहे थे। इसे देखते हुए सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा, उनसे मिलकर शहरवासियों की परेशानी बताई। यही नहीं उन्होंने संसद में भी इस मुद्दे को उठाया। नतीजा ये हुआ कि यह ट्रेन लंबे समय बाद शहर में आकर रूकी। शनिवार को इस ट्रेन का पहला स्टॉपेज सुबह 8.35 पर हुआ। जैसे ही यह ट्रेन शाजापुर पहुंची सबसे पहले सांसद सोलंकी ने ट्रेन के ड्रायवर और पायलेट का पुष्पहारों से स्वागत किया और उनका मुंह मीठा कर धन्यवाद दिया। इसके बाद ट्रेन को निर्धारित समय पर सांसद सोलंकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरूण भीमावद, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौर, सोनू सोलंकी, जितेंद्र मीणा, भाजपा वरिष्ठ नेता रामेश्वर चौधरी, दिनेश सौराष्ट्रीय सहित नगर के गणमान्य नागरिक, रेल प्रशासन की ओर से मंडल वाणिज्य प्रबन्धक संजयकुमार गुप्ता सहित अन्य रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।


## लंबे समय से थे प्रयासरत

सांसद के प्रयासों से पूर्व में भी शुजालपुर में ओवरनाइट एक्सप्रेस का स्टॉपेज हो चुका है। साथ ही कालापीपल में ओवरनाइट एक्सप्रेस के स्टापेज की मांग की जा रही थी जिसे अब पूरा कर दिया गया है। साथ ही साबरमती एक्सप्रेस के लिए क्षेत्रवासियों की मांग पर संसद में आवाज उठाई गई और कई बार रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंप चुके थे। ये प्रयास सफल हुए और शनिवार को शहरवासियों को यह सौगात भी मिल गई। सांसद श्री सोलंकी ने बताया कि अन्य सभी यात्री ट्रेनें भी जल्द ही सामान्य रूप से बहाल हो जाएंगी। जिसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। जहां जहां अधिक समस्या आ रही थी वहां तत्काल राहत के लिए अभी कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज किया गया है। शेष अन्य ट्रेनें भी शाजापुर सहित अन्य स्थानों पर विधिवत पूर्ववत ही रुकें, इस हेतु मेरे प्रयास जारी हैं।

## यह रहेगा ट्रेन का समय

गाड़ी संख्या 19165 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस शाजापुर स्टेशन पर 08.35 बजे पहुंचकर 08.37 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस शाजापुर स्टेशन पर 14.50 पर पहुंचकर 14.52 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी।

# गीता भवन न्यास समिति बड़नगर 231 वॉ नैत्रदान महिदपुर में सम्पन्न



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गीता भवन न्यास समिति बड़नगर द्वारा 231 वाँ नैत्रदान महिदपुर में पुर्ण किया गया, स्व.श्रीमती कमलादेवी पति स्व.श्री बाबुलालजी पोखरना जैन उम्र 92 वर्ष, 60/1, नागोरी बाजार महिदपुर का स्वर्गवास होने पर उनके पुत्र श्री रमेषजी पोखरना जैन ने नैत्रदान कि इच्छा जाहिर करते हुए श्री जवाहर डोसी पीयुष महिदपुर को सुचित किया व उनके द्वारा गीता भवन के ट्रस्टी, नैत्रदान एवं देहदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल (कुमावत) को सुचित किया गया, सुचना प्राप्त होते ही वे अपनी टिम सुभाष गुप्ते, जेनेन्द्र खेमसरा महिदपुर, न्यास कर्मचारी परमान्द के सहयोग से सफल नैत्रदान करवाया गया। संस्था अध्यक्ष हरिकिषन मेलवाणी ने कृतज्ञता प्रकट करते हुए पोखरना जैन परिवार महिदपुर को धन्यवाद व्यक्त किया।

# रंगपंचमी से आज होगा पांच दिनी होली उत्सव का समापन

### - शहर में निकलेगी फाग यात्रा, लोगों ने शुरू की तैयारी




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 8 मार्च से शुरू हुए रंगों के त्यौहार होली का आज रंगपंचमी पर समापन होगा और शहरवासी धूमधाम से रंगपंचमी का त्यौहार मनाएंगे। इस दिन गैर भी निकाली जाएगी जिसमें पंप से लोगों पर रंगों की बरसात की जाएगी।

वैसे तो शहर में पांचो दिन होली मनाने की परंपरा है, जिसका इस वर्ष भी शहरवासियों ने निर्वहन किया। जिसके चलते आजाद चौक में दोपहर बाद ही बाजार खुले, क्योंकि अलसुबह से हुलियारों की टोली आजाद चौक सहित पूरे शहर को रंगने का मौका नहीं छोड़ते जिसके चलते दोपहर बाद ही वहां की दुकाने खुल रही थी। लेकिन रंगपंचमी के दिन का अपना ही महत्व है और इस दिन हर कोई रंगों से खुद को दूर रखना नहीं चाहता। यही वजह है कि रंगपंचमी को हर वर्ग उत्साह और उमंग के साथ रंगपंचमी का त्यौहार मनाते हैं।

**हाटकेश्वर देवालय न्यास पर हुआ फाग उत्सव का आयोजन**-हरायपुरा स्थित श्री हाटकेश्वर देवालय न्यास पर फाग उत्सव का आयोजन कर समाजजनों को पर्व की रंगारंग शुभकामनाएं दी गई। यहां होली के गीतों पर समाजजनों ने नाच-गाकर अपने उत्साह का परिचय दिया। तो महिलाओं ने भी भजनों की प्रस्तुति देकर आयोजन की शोभा को बढ़ाया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज के वीरेंद्र व्यास, अनिल नागर, दिलीप नागर, विजय व्यास, वीरेंद्र व्यास सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**खरगोन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के बिस्टान के अनकवाड़ी ग्राम में 17 मार्च के प्रस्तावित दौरे की त्यौरियों को लेकर शनिवार को कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने जिलाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान का यह कार्यक्रम लाडली बहना योजना और पेसा एक्ट के दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर आयोजित होगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर गांवो से आने वाली महिलाओं और पुरूषों के लिए वाहन की व्यवस्था के सम्बंध में चर्चा की गई। वहीं कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि महिलाओं के वाहन को आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिका गाईड करेगी। इसके पश्चात कलेक्टर श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से संबंधित जानकारियां जनप्रतिनिधियों की दी और उनसे कहा कि जिले की सभी बहनों को इस योजना से लाभांवित करने के लिए आप सभी के सहयोग करना होगा। ताकि पात्र बहनाओं को योजना के तहत लाभ दिलाया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ श्री पुरूषोत्तम पाटीदार, एसडीएम श्री ओएनसिंह, भगवानपुरा पूर्व विधायक श्री जमना सिंह सोलंकी, श्री विजय सिंह सोलंकी, नपा अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, पार्टी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह राठौर, जिला पंचायत उपाध्?यक्ष श्री बापूसिंह परिहार, श्री परसराम चौहान, श्री रणजीत डंडीर सहित सांसद प्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधि व जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

**25 मार्च से प्रशासन लगाएगा कैंप**-बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि 25 मार्च से प्रशासन द्वारा कैम्प लगाए जाएंगे। साथ ही जिले में पोस्ट ऑफिस द्वारा 196 चलते फिरते (मोबाइल) कर्मचारियों द्वारा महिलाओं के खाते मात्र 200 रूपये शुल्क में खोले जाएंगे। ये कर्मचारी गांव व निकाय में भी खाते खोलने का कार्य करेगें। साथ ही प्रशासन द्वारा 25 मार्च से लगाएं गए कैम्प में भी पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी द्वारा महिलाओं के खाते खोले जाएंगे। वहीं कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि आधार कार्ड में जिन महिलाओं का नाम, जन्मतिथि व महिला (फिमेल) दर्शित न हो तो वे शीघ्र ही आधार केन्द्र में मार्कशीट या जन्म प्रमाण पत्र ले जाकर संशोधन करवाए।

# आज वही है, जिसकी कल आपको फिक्र थी - डॉ. प्रवीण जोशी




**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानवीय रिश्तों को बचाने के लिए अपनों को वक्त देना जरूरी है। बैंक पास बुक की तरह जीवन का लेखा जोखा सिखाता है की सामाजिक सरोकार के बीच अपना मूल्यांकन, अपना लेखा जोखा रखें। आज वही है, जिसकी कल आपको फिक्र थी। जीवन का फ्यूज उड़ने से पहले जी भर कर यूज कर लो। आनंद का प्रवाह हमारे अंदर है पर हम उसे बाहर तलाश रहे है।

उक्त आनंदमयी उदगार मध्य प्रदेश आनंद विभाग जिला इकाई उज्जैन द्वारा बड़नगर विकासखंड में जनपद पंचायत द्वारा आयोजित एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य आनंद संस्थान के उज्जैन जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने व्यक्त किए। आनंद विभाग प्रभारी विजय खांडेकर, एपीओ विजय चोरडिया ने माँ वीणा पाणी सरस्वती की मूर्ति का पूजन अर्चन कर आनंद उत्सव का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित स्वामी मुस्कुराके, शैलेंद्र व्यास ने हास्य की पिचकारी और व्यंग्य के गुब्बारों से वातावरण को ठहाकों की सुनामी लहर से भिगो दिया स्वामी मुस्कुराके ने कहा कि, ये कौन कह रहा है कि, हाथ में तलवार ले के चलो, दुनिया सलाम करेगी किरदार ले के चलो। भिक्षा का पात्र तो भरा जा सकता है पर इच्छा का पात्र कभी नहीं भरा जा सकता। तूफान में कश्तियां और अभिमान में हस्तियां डूब जाती है। बाबू लोग वेतन पर मरते हैं और बाबा तन पर मरते है। पहले मेकअप नहीं होता था, इसलिए ब्रेकअप नहीं होता था। सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति मनीष रेशमिया ने की। जनपद बड़नगर के पंचायत सचिव और विभिन्न विभागों से आए लगभग 70 से अधिक प्रतिभागियों के बीच मानवीय मूल्यों की व्याख्या अखिलेश पाठक ने की श्रीमती प्रभा बैरागी ने मेरे रिश्ते विषय को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया और फ्रीडम ग्लास की थ्योरी को राजेश शर्मा ने रखा। जनपद पंचायत की इंजीनियर अर्णिका सिंह, पीएचई बड़नगर के उपयंत्री ऋषि जैन, नूरुद्दीन सलीम, उदय पंड्या, अखिलेश शर्मा और सुरेश त्रिवेदी ने आइस ब्रेकर और बेलून इन द स्काय खेल से सभी को रोमांचित किया। संचालन सत्यनारायण दवे एवं आभार आनंद विभाग प्रभारी विजय खांडेकर ने किया।

# रंग - गुलाल - फूलो से राधाकृष्ण संग खेली होली

### राठौड़ समाज महिला मण्डल ने मनाया फाग उत्सव





**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री सकल पंच क्षत्रिय राठौड़ समाज बड़नगर द्वारा होली - रंग पंचमी महापर्व के अवसर पर समाज की महिला शक्ति के लिए प्रथम फाग उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया। जिसमें श्री राधाकृष्ण सरकार एवं श्री ठाकुर जी महाराज के साथ फूलों एवं रंग - गुलाल से जमकर होली खेली। प्रारंभ में समाज की महिला शक्ति राठौड़ समाज धर्मशाला पर एकत्रित हुई जहां फागोत्सव की शुरूआत भजन व फाग गीतो से हूई। पश्चात धर्म शाला से समस्त महिला मण्डल ढ़ोल ढमाको के साथ फाग यात्रा के रूप में खोब दरवाजा रोड़ पहुंची जहां गणपतजी राठौड़ के घर से ठाकुर जी महाराज को सिहासन में बैठाकर तथा राधा कृष्ण की वेषभुषा धारण किये आराध्या राठौड़ व वेदांग राठोड़ के साथ पैदल झुमते - गाते पूनः धर्मशाला पहुंचे जहां कृष्ण ने राधा संग व महिला मण्डल ने ठाकूर जी व राधाकृष्ण बने बच्चों के संग आज बीरज में होली रे रसिया आदि होली गीतो व भजन की स्वर लहरियों पर नाचते गाते झुमते उल्लास के साथ रंग - गुलाल-पुष्प पंखूरिया उड़ाकर कर होली खेल कर आनंद लिया। यह सिलसिला काफीदेर तक चलता रहा। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं ने एकल नृत्य भी प्रस्तुत किये। अंत में कुंजबिहारी जी की आरती पश्चात फागोउत्सव का समापन हुआ। फागो उत्सव व्यवस्था में श्री सकल पंच क्षत्रिय राठौड़ समाज बड़नगर सचिव अरविंद राठौड़, उपाध्यक्ष द्वय ललित राठौड़, बंशी राठौड़, सह - सचिव योगेश राठौड़, मंदिर समिति अध्यक्ष राकेश राठौड़, नव युवक मण्डल अध्यक्ष तन्नु राठौड़, अशोक राठौड़, कमलेश राठौड़, नारायण राठौड़, जगदीश राठौड़ आदि ने सहयोग प्रदान किया। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी अजय राठौड़ ने दी।

# लायंस क्लब उड़ान ने किया महिलाओं का सम्मान:पचोर में अमृता राय ने कहा- राजगढ़ जिले को नातरा प्रथा से मुक्त बनाएंगे

**पचौर/हेमन्त कुमार शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राजगढ़ जिले में महिलाओं कि स्थिति दयनीय है, कुछ समाजों में नातरा और झगड़ा प्रथा प्रचलित है, जो जिसमें परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। इसको रोकने के लिए हम महिलाओं को ही आगे आना होगा।

यह बात पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह कि पत्नी और पत्रकार अमृता राय ने पचोर में व्यक्त किए। अमृता राय लायंस क्लब की महिला विंग लायंस क्लब उड़ान ने महिला सम्मान कार्यक्रम में बोल रहीं थी।





## इनका किया सम्मान

इस सम्मान समरोह में मुख्य अतिथि अमृता राय, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नूरी खान, जिला भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता द्विवेदी, डीएसपी नेहा पच्चिसिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी परागी गोयल, नरसिहगढ़ नपा अध्यक्ष कविता वर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब उड़ान की चार्टेट अध्यक्ष डॉ निशा गुदेनिया, अध्यक्ष नीलू दुबे, कोषाध्यक्ष सुषमा गोयल, सचिव अतिब सिद्दीकी अंसारी मंचासीन रहे।

नूरी खान ने कहा कि नारी को समानता को नहीं सम्मान की आवश्यकता है। डीएसपी नेहा पच्चिसिया ने कहा कि कानून आपको संरक्षण ही नहीं सुरक्षा प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन सोनल सिसोदिया ने किया। इस मौके पर पटवारी, शिक्षा, स्वास्थ के क्षेत्र में श्रेष्ठ काम करने वाली महिलाओ को सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण उड़ान अध्यक्ष नीलू दुबे ने दिया व अतिथि परिचय करवाया। सचिव डॉ अतिब सिद्दकी अंसारी ने संस्था उड़ान की वर्ष भर की गतिविधियां क्रमवार बताई। उन्होंने कहा कि इसके लिए साहस का दायरा बढ़ाएं, समाज की कुप्रथाओं से लड़ने के लिए साहस से जुट जाएं। संकल्प लें कि हम जीवन मे किसी एक को नातरा प्रथा से मुक्त करवाएंगे। मैं संकल्प लेती हूं कि राजगढ़ जिले से नातरा प्रथा को मुक्त करवाने में अहम भूमिका निभाउंगी, उक्त संकल्प हर नारी ले। शनिवार दोपहर में उत्सव वाटिका में यह कार्यक्रम किया गया।

# हिंदू उत्सव समिति ने किया नगर में आह्वान

## डीजे और फायर ब्रिगेड के साथ निकलेगा जुलूस!

**पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज रविवार को रंग पंचमी के त्यौहार के उपलक्ष्य में नगर में सामूहिक तौर पर गैर निकाली जाएगी जिसका कि आयोजन हिंदू उत्सव समिति पचोर ने किया है! हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष संजय दीक्षित ने बताया कि गेर प्रातः 10:00 बजे छीपा मंदिर पुरानी पचोर से शुरू होगी तथा शुजालपुर रोड सदर बाजार होते हुए थाने के सामने गैर का समापन होगा !हुरियारों के रूप में नगर के सैकड़ों युवा जुलूस के साथ नाचते गाते और रंग गुलाल उड़ाते हुए चलेंगे! जुलूस में डीजे और नगर परिषद की फायर ब्रिगेड साथ रहेगी जो भीड़ पर रंगों की बौछार करेंगी! उल्लेखनीय है कि होली के दूसरे दिन धूलंडी पर अक्सर अधिकांश लोग बाहर एक दूसरे के मातम वाले घरों में रंग डालने चले जाते हैं तथा लगभग 70%लोग होली के रंगों से बचने का प्रयास करते हैं लेकिन रंग पंचमी के दिन शत प्रतिशत लोग होली की उमंग में झूम जाते हैं यही कारण है कि नगर में होली की बजाय रंग पंचमी का त्योहार अधिक जोशीला और उत्साहवर्धक रहता है! प्रशासन ने भी जबरन किसी को रंग नहीं लगाने की मुनादी अपने स्तर पर करवाई है तथा लोगों से आग्रह किया है कि रंग पंचमी का त्यौहार हिल मिलकर शांति सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाया जाए!

# सलसलाई नायरा पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर से टकराई बाइक, एक युवक गंभीर घायल,डायल -100 मैं पहुंचा अस्पताल



**सलसलाई/ किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सारंगपुर मार्ग स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर 2 बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार एक युवक बाइक सहित गिरने से घायल हो गए। सलसलाई डायल-100 पायलट अरविंद मेवाड़ा आरक्षक कुलदीप धाकड़ ने मौके पर पहुंच कर घायल युवक को सारंगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाजापुर रैफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसरोद निवासी राजेश पिता रामप्रसाद मालवीय उम्र 21 वर्ष सलसलाई की तरफ से अपने गांव भैंसरोद जा रहे था। सलसलाई स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार में होने के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गई। जिससे युवक गिरकर घायल हो गए।

# ( न्यूज़ वार्ता ) जनता की समस्या का समाधान समय पर होना चाहिए - जूडिशियल कॉउन्सिल




**नई दिल्ली /जीएनएस।** जूडिशियल कॉउन्सिल को लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए जूडिशियल कॉउन्सिल के चेयरमैन श्री राजीव अग्निहोत्री ने विभिन्न पदाधिकारियों कि बैठक बुलाई और बातचीत , की और इस नतीजे पर पहुंचे कि जिले के साथ साथ मंडल एवं तालुक स्तर पर स्वयंसेवक रखे जायें तथा जल्द से जल्द जनशिकायत केंद्र खोले जायें।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान समय पर होना चाहिए। टेलीग्राफ न्यूज़ संवादाता से बातचीत में कहा जूडिशियल कॉउन्सिल आगामी कुछ महीनों में बीस से पच्चीस जनशिकायत केंद्र स्थापित करेगा। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि जिले की समस्याओं को संबंधित विभाग को पत्र द्वारा सूचित किया जायेगा और यदि वह उसको नहीं करता है फिर सम्बंधित विभाग के शीर्ष अधिकारी से उसका जवाब माँगा जायेगा उन्होंने उम्मीद जताई इस तरह की नौबत नहीं आएगी । बात चीत के दौरान श्रीमती मंजू शुक्ल मेंबर ह्यूमन राइट्स कमिटी नें कहा हमारी प्राथमिकता गरीबों का उत्पीड़न , झूठे मुकदमे , धोखाधड़ी के ख़िलाफ़ शिकायत, भ्रष्ट अधिकारीयों के खिलाफ शिकायत वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विकलांग प्रमाण पत्र सहायता है । श्रीमती शुक्ल ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में बोलते अग्निहोत्री नें कहा जिस तरह का मंजर है सरकार को अपनी नीतियों पर तुरंत पुनर्विचार करना चाहिए और उन्होने यह भी कहा की सभी राजनीतिक पार्टियों को दलगत राजनीती से उठ कर भ्रष्टाचार कैसे ख़त्म हो तथा जड़ से ख़त्म करने कि कोशिश करनी चाहिए तथा सभी को साथ आने का आवाहन किया बातचीत के अंत में मेंबर एंटी करप्शन कमिटी श्री विजय ने बताया बहुत जल्द जिला और मंडल स्तर पर एंटी करप्शन कमिटी में पद भरे जायेंगे।

# सलसलाई विद्युत केंद्र के अंतर्गत 1 करोड़ की वसूली के लिए सख्त हुई बिजली कंपनी

## – बकायादारों की जब्त की संपत्ति, आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही

**सलसलाई/ किशोर नाथ राजगुरु/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मार्च माह में वसूली के लिए विभिन्न विभागों को टारगेट पूरे करना है। इनमें बिजली कंपनी भी शामिल है, जिन्हें एक करोड़ की वसूली का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए कंपनी द्वारा बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्ती की जा रही है, जिनकी संपत्ति कुर्क की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



शनिवार को भी कंपनी कर्मचारियों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम धनाना और ओसानपुरा में बकायादारों की मोटर साइकिलें सहित विद्युत उपकरण जब्त किए गए। अधिकारियों के मुताबिक जब बकायादार राशि जमा कर देते हैं तो उनकी संपत्ति वापस कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि हमें मार्च माह में एक करोड़ रू. की वसूली करना है। जिसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जो बड़े बकायादार हैं उनकी मोटर साइकिलें सहित अन्य संपत्ति जब्त की जा रही है ताकि लोग बकाया बिलों का भुगतान करें।

**आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही**-अब तक कंपनी द्वारा 10 लाख रू. की वसूली की जा चुकी है लेकिन फिलहाल टारगेट दूर है, जिसके चलते कंपनी द्वारा यह कार्यवाही आगे भी जारी रखी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे अपने बकाया बिलों का भुगतान समय पर करे और असुविधा से बचें। मनोज मालवीय कनिष्ठ यंत्री सलसलाई ने बताया कि संपत्ति कुर्क करने के साथ ही लोगों के कनेक्शन भी विच्छेद किए जा रहे हैं। इसलिए समय पर बिलों का भुगतान करें और असुविधा से बचें।

## मैं हार मान लूं कैसे.......

*मैं उड़ता हुआ हारिल हूं इस उन्मुक्त गगन का,*
*चाहूं जैसे पंख फैलाकर इस अनंत में उड़ चलूं,*
*लाखों पंछी श्रम पुजारी नीड़ो में उनके अपने है।*
*मैं हार मान लूं कैसे अब मेरे भी कुछ तो सपने है।।*

*पल पल की मेहनत से सींचा इस जीवन की बगिया को,*
*अब जिद्द ठानकर मन में फिर से भाग्य का प्रतिकार करूं,*
*लो अंत कर दू कैसे इसका कष्ट उठाए सबने है।*
*मैं हार मान लूं कैसे अब कितनो ने सजाए सपने है।।*

*हार हार कर हारा जग में हार का हार पहन लिया,*
*कफन बांध कर फिर से अब रण भूमि में बढ़ चलूं,*
*कर पाऊं कुछ मैं भी क्या? खोया भरोसा सबने है।*
*मैं हार मान लूं कैसे अब मैया के प्यारे सपने है।।*

*वृद्ध पिता के नेत्र जल में लाखों सपने तैर रहे,*
*इस जीवन के अंधियारे को श्रम लौ से मिटा चलूं,*
*आग लग गई मन में तब उज्वल हुए सब सपने है।*
*मैं हार मान लूं कैसे अब उनके भी ऊंचे सपने है।।*

***-मनोज बाबू, झूंठा (पाली)***

## फागुनी अनुबंध

छाया चहुं दिशा फागुन ही फागुन
तितलियों के संग भौंरे कर रहे
गुन गुनन गुन.....
इन्द्रधनुषी फूल खिल खिल गये
चल पड़े चतुरदिश प्यार के
सिलसिले..
नव पल्लवों से डाल -डाल
आम्र मंजरी तन मन महके महके...
क्षितिज की ओट से निकल
किरण चिरईया नित चहके -चहके..
पीली सरसों की ओढ़ चुनरिया अवनी
बंद मुट्ठी लाज की खोले
धक धक कर जियरा
रंगों में मिश्री सी मीठी -मीठी
रिश्तों की फागुनी अनुबंध
पाती रंगबिरंगी घोलें ....

**-लाल बहादुर श्रीवास्तव**

## क्या पता नहीं

*मुझे क्या पता नहीं शास्त्रों में*
*क्या लिखा है,*
*किसने लिखा है,*
*क्यों लिखा है,*
*उतना ही मैं कह सकता हूं*
*जितना मेरे नैनों को दिखा है,*
*मुझे क्या पता नहीं कि*
*कहते क्या हो,*
*करते क्या हो,*
*और होता क्या है,*
*तुम्हारे लिए यह*
*तुम्हारी घिसी पिटी आदतें,*
*पर हमारे लिए यह नया है,*
*मुझे क्या पता नहीं कि*
*गाते क्या हो, सुनाते क्या हो,*
*और भुनाते क्या हो,*
*होगा तुम्हारा रटा रटाया डायलॉग,*
*पर हमें तो भौचक्क कर गया है,*
*हमें लगता है कि*
*तुम्हारा कार्य करने का तरीका*
*सख्त है,*
*बहुमत का तख्त है,*
*साथ है कुछ मशीनें,*
*और ढेर सारा अंधभक्त है,*
*भारी पड़ा तुम्हारी चालाकी*
*भीड़ वालों को पस्त कर गया है,*
*मुझे क्या पता नहीं,*
*मुझे क्या पता नहीं।*

*-राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.*

## उड़े प्यार के रंग

*उड़ती उड़ती हवाओं में*
*उड़े प्यार के लाल पीले*
*हरे गुलाबी नीले रंग*
*अल्हड़ गौरी ने प्यार के*
*सजन से कर लिए*
*जन्मोंजनम जीने के?*
*होली रंगों में अनुबंध ...*
*कंचन मलिन देह पर*
*पड़ते ही ये गीले रंग*
*खुशियों की बौछारों में*
*भीगे भीगे तन मन...*
*आशाओं के पंख लिए*
*उड़ती रही कल्पनाएं*
*नेह सौगातों की*
*गुलाल अबीर संग संग*
*सपनों की रंगबिरंगी*
*दुनिया हुई सजन संग...*
*आंखों ही आंखों में रंगों*
*के स्वप्न हुए सतरंगी*
*रंगों के मेले में सजने लगे*
*प्रियतम के मन मंदिर स्वप्न ...*
*होली के हर एक रंग में*
*बस तुम ही तुम समाए हो*
*कोरे कोरे मन कागज पर*
*रंगीन कूंची से प्यार के*
*ख़त रंगीले लिख रहे हो...*

*- लाल बहादुर श्रीवास्तव*

# विदेश में पढ़ना हुआ आसान, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एजुकेशन फेयर 2023 ला रहा कई मौके

- **मैरियट होटल इंदौर में रविवार 19 मार्च 2023 सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मेगा फेयर**
- **नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन, विदेशी यूनिवर्सिटीज में स्कॉलरशिप व इंटर्नशिप के भरपूर अवसर**
- **50 से अधिक इंटरनेशनल यूनिवर्सिटीज में सीधे प्रवेश का मौका**




**इंदौर/जीएनएस।** हायर एजुकेशन की तैयारी कर रहे ज्यादातर भारतीयों की इच्छा विदेशों में जाकर पढ़ने की होती है। शायद यही कारण है कि 2022 में विदेश जाकर पढ़ने वाले भारतीयों की संख्या बढ़कर 13 लाख हो गई थी। वहीं भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 6 सालों में 30 लाख से अधिक भारतीय विदेश पढ़ने गए हैं। यह दर्शाता है कि किस प्रकार भारतीयों में परदेश जाकर पढ़ने का ट्रेंड तेजी से बढ़ रह हैं। हालांकि इन आंकड़ों से परे न जाने ऐसे कितने ही छात्र हैं, जो काबिलियत, हुनर व योग्यता होने के बावजूद, विदेशी विश्वविद्यालयों में पढ़ने की इच्छा, मन में ही मार लेते हैं। इसकी कुछ प्रमुख वजहों में जानकारी का आभाव व आर्थिक कमजोरी को सबसे अधिक चिन्हित किया जाता है। ऐसे छात्रों के सपने में कोई बाधा न आए, और वह उपयुक्त जानकारी व सहयोग के साथ आगे बढ़ सकें, इसे ध्यान में रखते हुए स्टडी मेट्रो प्लेटफार्म जल्द ही मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एजुकेशन फेयर 2023 का आयोजन करने जा रहा है। विदेश में पढ़ने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए एक वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह काम कर रहे स्टडी मेट्रो प्लेटफार्म के इस इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एजुकेशन फेयर में, दुनियाभर की 50 से अधिक टॉप यूनिवर्सिटीज हिस्सा लेंगी। बिज़नेस, साइंस, इंजीनियरिंग या किसी अन्य क्षेत्र में प्रोफेशनल डिग्री की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह मेगा इवेंट, 19 मार्च 2023, रविवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक, मैरियट होटल, विजय नगर इंदौर में आयोजित किया जाएगा। जहां छात्रों के लिए विदेश में अध्ययन करने के बारे में जानने और सीखने का एक बेहतरीन अवसर तो होगा ही, साथ ही कुछ यूनिवर्सिटीज योग्य छात्रों को सीधा प्रवेश भी देंगी। इसके अतिरिक्त छात्रों को सीधे विश्वविद्यालयों में आवेदन करने का मौका देने के साथ-साथ विदेशों में इंटर्नशिप के अवसर तलाशने का अवसर भी मिलेगा।

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए, स्टडी मेट्रो के एमडी अभिषेक बजाज ने कहा कि, ÷यह एजुकेशनल फेयर ऐसे छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा, जो विदेश में पढ़ने का सपना और काबिलियत तो रखते हैं, लेकिन जानकारी के आभाव और कई बार आर्थिक कारणों से पिछड़ जाते हैं। इस मेगा इवेंट के जरिये छात्र अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बातचीत कर सकते हैं और उनकी प्रोफाइल व करियर से जुड़ी आकांक्षाओं पर विस्तृत जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा वह विदेशी विश्वविद्यालयों में फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए उपलब्ध स्कॉलरशिप, क्रेडिट ट्रांसफर और स्टूडेंट/फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम तथा विदेश में पढ़ने वाले छात्रों के लिए ट्रेनिंग व प्लेसमेंट के अवसरों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

स्टडी मेट्रो अपने इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एजुकेशन फेयर 2023 के माध्यम से छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया में आगे बढ़ने में मदद कर रहा है। यहां तक कि विदेश में अध्ययन करने के इच्छुक छात्रों के लिए मुफ्त वीज़ा परामर्श भी लिया जा सकता है, जिससे छात्रों को अक्सर जटिल वीज़ा प्रक्रिया को नेविगेट करने में मदद मिल सके। यह फेयर परीक्षा की तैयारी के बारे में सलाह और जानकारी भी प्रदान करेगा, जिससे छात्रों को विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवश्यक परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिल सके।गौरतलब है कि स्टडी मेट्रो प्लेटफॉर्म विश्वविद्यालयों और छात्रों को सशक्त बनाने का काम कर रहा है। यह विदेश में अध्ययन करने के लिए छात्रों के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशंस की तरह है जिसके साथ 12,000+ विश्वविद्यालयों और 5 हजार से अधिक विदेशी कार्यक्रमों में सीधे आवेदन का अवसर मिलता है।

# मैं बोलूँगा तो बोलोगे कि बोलता है (लंबी उम्र वरदान या अभिशाप)

पृथ्वी पर पैदा होने वाले सभी जीव जंतुओं के लिए ये पृथ्वी किसी स्वर्ग से कम नही।हर प्राणी जन्म लेने के बाद किसी भी हालत में जिंदा रहना चाहता है।पृथ्वी पर मौजूद सभी प्राणियों में मनुष्य सबसे बुद्धिमान जीव है।पृथ्वी पर

मौजूद सभी भौतिक सुखों का आनंद मनुष्य लेने में सक्षम है इसलिए हर मनुष्य की हार्दिक इच्छा होती है वह अधिक से अधिक उम्र तक जिंदा रहे ताकि वह हर सुख का आनंद ले सके।लेकिन किसी भी प्राणी के शरीर की अपनी एक क्षमता है ,और उसी क्षमता के आधार पर हर जीव का जीवनकाल निर्धारित रहता है और उसमें थोड़ा बहुत परिवर्तन हो सकता है लेकिन हर प्राणी का औसत आयु कमोबेश एक ही रहता है।अगर हाथी पचास साल से अस्सी साल तक जी सकता है तो वह उसी जीवनकाल को प्राप्त करके दुनिया छोड़ देता है और ये बात हर प्राणी पर समान रूप से लागू होता है।और मनुष्य भी इसका अपवाद नही है।मनुष्य की सोचने और समझने की क्षमता अधिक है इसलिए उसकी संवेदनशीलता भी बाकी प्राणियों से अधिक होता है और यही कारण है कि मनुष्य को इस पृथ्वी का मोह सबसे अधिक होता है।गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति भी और अधिक जीने की लालसा रखता है।लेकिन शारीरिक रूप से लाचार व्यक्ति खुद तो कष्टपूर्ण जीवन जीने को बाध्य रहता है और साथ में दूसरी तरफ उसके तीमारदारी करने वाले भी बहुत तकलीफ में रहते हैं। एक बुजुर्ग व्यक्ति जब शारीरिक रूप से लाचार होता है तो वह किसी ना किसी अपनों के रहमोकरम पर जीने को बाध्य रहता है।ज्यादातर मामलों में किसी भी बुजुर्ग की सेवा उसके अपने बच्चे ही करते हैं।लेकिन जब व्यक्ति शारीरिक रूप से एकदम लाचार हो जाता है और अपने बिस्तर पर ही दैनिक नित्य क्रियाकर्म करने को मजबूर हो जाता है।इस हालत में इस तरह के लोगों के लिए सेवा करना परिवार वालों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।पहले संयुक्त परिवार होता था तब किसी बुजुर्ग की सेवा करना आसान होता था लेकिन आज के एकल परिवार में किसी भी बुजुर्ग की सेवा करना बहुत दुरूह कार्य होता है।एक तो आजकल बहुत से परिवार में पति पत्नी दोनों कामकाजी होते हैं और उन्हें घर से बाहर रहना होता है और अगर ऐसे में घर में कोई बुजुर्ग व्यक्ति हो और वह शारीरिक रूप से लाचार हो तो उसकी तीमारदारी करना बहुत मुश्किल हो जाता है।कई बार हम किसी भी व्यक्ति पर बगैर सोचे समझे ये इल्जाम लगा देते हैं कि वह अपने माँ बाप की सही तरीके से सेवा नही कर रहा है।लेकिन किसी भी व्यक्ति के लिए लगातार किसी ऐसे बुजुर्ग व्यक्ति की सेवा करना जो शारीरिक रूप से लाचार हो आसान काम नही है।दो चार दिन की बात हो तो कोई भी खुशी खुशी ये कार्य कर लेता है लेकिन यही कार्य अगर लंबी अवधि तक करना पड़े तो सेवा करने वाला व्यक्ति ऊबने लगता है और ये एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।आप जरा कल्पना करें अगर किसी व्यक्ति को रात में कई बार सोते से उठना पड़े और सुबह उसे अपने कार्यस्थल पर जाना पड़े तो वह कैसे अपना कार्य सही तरीके से कर पायेगा।और ये अक्सर उनके साथ होता है जिनके घर में कोई बुजुर्ग व्यक्ति बिस्तर पर लाचार अवस्था में रहता है और रात भर किसी ना किसी चीज के लिए आवाज लगाता रहता है। और इस अवस्था में लंबे समय तक ऐसे व्यक्ति की तीमारदारी करना बहुत कष्टदायक होता है।ये कड़वी सच्चाई है और इसे हमे स्वीकार करना पड़ेगा।दरअसल हमलोग भावनाओं में बहकर सिर्फ एक पक्ष देखा करते हैं।हम बहुत आसानी से कह देते हैं कि उस बुजुर्ग की सेवा उनके बच्चे नही कर पा रहे हैं लेकिन होता यह है कि लगातार लंबे समय तक इस तरह की सेवा में थोड़ी बहुत शिथिलता जरूर आ जाती है।दरअसल शरीर की भी एक क्षमता होती है और जो उम्र के साथ घटने लगती है।एक उम्र के बाद जीवन जीने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है।जीवन की सार्थकता तभी तक है जबतक आप उसका लुफ़्त उठा पाएँ।केवल जीने के लिए जीना कोई मायने नहीं रखता है।आप खाने पीने का स्वाद या सेक्स का आनंद उठा पाएँ या कपड़े आपके शरीर पर फबे तभी तक जीने का आनंद है।केवल दवाइयों के बदौलत लंबी अवधि तक जीना किसी मतलब का नही होता है।साठ सत्तर साल के बाद जीवन एकदम से बेमायने हो जाता है।अगर आप कोई गंभीर बीमारी से पीड़ित नही है और आप अपनी फिटनेस बनाये हुए हैं तो जरूर आपको जीने में मजा आएगा लेकिन लाचारगी की अवस्था में जीना आपके साथ साथ आपके परिवारवालों के लिए भी दुखदाई होता है।किसी के लंबी उम्र से किसी को कोई आपत्ति नहीं होता है लेकिन लंबी उम्र खुद अपने पर या आपके घरवालों पर बोझ बन जाये तो जीवन की सार्थकता खत्म हो जाती है।वैसे जीना मरना किसी के वश में नही रहता है। अगर आपके डी एन ए में लंबे उम्र का जीन है तो आपकी उम्र के अधिक होने की संभावना बढ़ जाती है। वैसे व्यक्ति के पैदा होते ही ये बात निर्धारित हो जाती है कि आपका लिवर कितना दिन कार्य करेगा या किडनी कितने दिनों तक कार्य करेगा या दिल कितने दिनों तक कार्य करेगा।ये सब तय रहता है। आपके रहन सहन से इसमें कमी जरूर आ सकती है लेकिन उसको बढ़ाया नही जा सकता है।ये सोच लेना कि हम कसरत या योग करके चार सौ साल जी लेंगें ये सर्वथा नामुमकिन है।इन सब से सिर्फ आपके आखरी दिन सहूलियत से गुजर जायेंगें।लेकिन इसकी भी कोई गारंटी नहीं है।इसलिए लोगों को लंबी जीवन भले मिले लेकिन वह पूरी तरह स्वस्थ हो और किसी और पर निर्भर नही हो।वरना जीवन एक अभिशाप की तरह हो जाता है। दुनिया का सबसे दुःखद अवस्था वह होती है कि आप दैनिक नित्य क्रियाकर्म के लिए दूसरों पर आश्रित रहें।



**-डॉ संजय श्रीवास्तव महू**

# सरदाना इंटरनेशनल स्कूल को मिला मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूल का पुरस्कार



Sardana International School
Awarded As Best Boarding School Of M.P.

**इंदौर/जीएनएस।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग और विशेष पहचान रखने वाले देवास स्थित सरदाना इंटरनेशनल स्कूल को हाल ही में मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूल के पुरस्कार से नवाज़ा गया है। यह पुरस्कार उन्हें बोर्डिंग स्कूल के तहत बच्चों के भविष्य का विशेष ध्यान रखते हुए शिक्षा में अव्वल दर्जा दिलाने के एवज में प्रदान किया गया। मध्य के गृहमंत्री, श्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक और शिक्षाविद्, ललित सरदाना को सम्मानित किया गया। सरदाना इंटरनेशनल स्कूल, प्रीमियम परिवारों के बच्चों के लिए एक प्रीमियम सीबीएसई बोर्डिंग स्कूल है। इस बोर्डिंग स्कूल की सुविधा लड़के और लड़कियों दोनों के लिए है। सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक, ललित सरदाना, जिन्हें आईआईटी में ऑल इंडिया 243 वीं रैंक प्राप्त है, विगत 26 वर्षों से छात्रों को फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मैथमेटिक्स तीनों ही विषय पढ़ाते आ रहे हैं तथा भारत में सर्वाधिक सिलेक्शन अनुपात दे रहे हैं। स्कूली शिक्षा के साथ ही यहाँ बोर्डिंग से जुड़े बच्चों की सुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है। विशाल लाइब्रेरी और ई-लाइब्रेरी के साथ ही लैंग्वेज और रोबोटिक्स लैब्स की सुविधा छात्रों को दी जाती है। ललित सरदाना, संस्थापक व शिक्षाविद्, सरदाना इंटरनेशनल स्कूल, कहते हैं, ×ह्लद्बशह्ल;सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूल से नवाज़ा जाना पूरी सरदाना टीम के लिए बेहद गर्व की बात है। इस पुरस्कार ने हमें अपनी मेहनत में और अधिक इजाफा कर श्रेष्ठतम परिणाम देने के लिए प्रेरित किया है। स्कूल में आईआईटियंस डॉक्टर्स, उच्च शिक्षित, अनुभवी और समर्पित रेसिडेंशियल फेकल्टीज़ और मेंटॉर्स द्वारा बच्चों को शिक्षित किया जाता है। यह पुरस्कार इन सभी के अथक प्रयासों और बच्चों को बेहतर भविष्य देने की भावना को समर्पित है। बच्चों का ध्यान रखने के उद्देश्य से डायरेक्टर्स भी आवास में ही रहते हैं। वर्तमान में बोर्डिंग स्कूल से 16 राज्यों के बच्चे जुड़े हैं, हम जल्द से जल्द इसमें बढ़ोतरी की अपेक्षा करते हैं। स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं पर ज़ोर देते हुए वे कहते हैं, यदि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान किसी भी तरह का डाउट होता है, तो उन्हें सुबह 6 बजे से लेकर रात 2 बजे तक अपने तमाम डाउट्स क्लियर करने की सुविधा सरदाना स्कूल में है। जब तक कंठस्थ नहीं हो जाता, तब तक वे अपने डाउट्स क्लियर कर सकते हैं। इस इस सुविधा से हमने यह पाया कि बच्चों में कई दफा पूछने के बाद भी झिझक नहीं रहती और कोई भी कॉन्सेप्ट उनके मन-मस्तिष्क में गहनता से उतर जाता है। हम लड़कों और विशेष रूप से लड़कियों के लिए एक सुरक्षित परिसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति की सुविधा भी बच्चों के लिए उपलब्ध है। गौरतलब है कि बोर्डिंग स्कूल में बच्चों को दिन में 5 बार स्वस्थ, स्वादिष्ट और शुद्ध शाकाहारी भोजन, तथा दिन में दो बार एक-एक गिलास दूध की सुविधा दी जाती है। बच्चों को असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए यहाँ के आवास एयर कंडीशन से परिपूर्ण हैं। यहाँ तक कि 40 से अधिक स्पोर्ट्स सुविधाएँ भी बच्चों को दी जाती हैं, ताकि पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों और बेहतर स्वास्थ्य का लाभ उन्हें मिल सके। सबसे खास सुविधा सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में यह है कि बच्चे मोबाइल के आदी न हो जाएँ, इसका विशेष ख्याल रखते हुए परिसर में मोबाइल फोन्स पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। स्मार्ट कक्षाओं और कई तरह की गतिविधियों के साथ ही यहाँ बच्चों की रूचि के अनुरूप कक्षाएँ भी लीजाती हैं। एडमिशन के लिए 9993431042 नंबर पर कॉल किया जा सकता है।





# ऋतिक मेनिया जापान में छाया, बैंग बैंग की रिलीज पर दर्शकों ने बरसाया प्यार

**जीएनएस।** भारत में ऋतिक रोशन की बैंग बैंग की रिलीज़ के नौ साल बाद, वॉर और पठान फेम निर्देशक सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित 2014 की एक्शन एंटरटेनर, हाल ही में जापान में रिलीज़ हुई, जिसे दर्शाकों ने बेशुमार प्यार दिया जो कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखा गया है।

मनोरंजन के एक पूर्ण पैकेज से युक्त, ऋतिक रोशन की बैंग बैंग ने एक्शन, रोमांस, नृत्य और मनोरंजन का सही मिश्रण पेश किया। भाषा और सीमाओं की बाधाओं को तोड़ते हुए, ऋतिक रोशन स्टारर इस फिल्म को जापान में अपने दर्शक मिल गए हैं, क्योंकि बैंग बैंग को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

हाल ही में एक जापानी जोड़ी का बैंग बैंग से प्रतिष्ठित चार्टबस्टर तू मेरी को रीक्रिएट करते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर सामने आया, जिसके बाद बड़ी संख्या में सोशल मीडिया पर तू मेरी और साथ ही फिल्म से दूसरे गाने उफ्फ की चर्चा हुई। इस वायरल ट्रेंड ने भारतीय दर्शकों को भी जकड़ लिया है जो सोशल मीडिया पर कई रीलों के माध्यम से स्पष्ट है, जिसमें विभिन्न टीवी अभिनेताओं और इंफ्ल्युएंसर्स को भी 'उफ्फ' गीत पर थिरकते हुए देखा गया है।

ऋतिक रोशन का सुपरस्टारडम उनके डेब्यू के साथ से ही अद्वितीय रहा है, और आज भी वह दुनिया भर के दर्शकों पर राज करते है। उनके अथाह फैनबेस की नवीनतम गवाही हम जापान में बैंग बैंग की रिलीज के साथ देख सकते हैं।

वर्तमान में, वर्कफ्रंट पर, ऋतिक रोशन फाइटर के लिए कमर कस रहे हैं, जो बैंग बैंग और वॉर की सफलता के बाद सिद्धार्थ आनंद के साथ उनके तीसरे सहयोग को चिह्नित करता है। टीम ने हाल ही में असम के तेजपुर एयर बेस और कश्मीर के पहलगाम में पहले दो शेड्यूल को पूरा करने के बाद, हैदराबाद में डुंडीगल वायु सेना अकादमी में अपने तीसरे शेड्यूल व्रैप की घोषणा की।

---

*भावनानी के भाव*

## *लेखक कवि बुद्धिजीवी पत्रकार को सलाम है*

*सच्चाई को लेखनी से सलाम करते हैं*
*उनकी लेखनी अस्त्र महत्वपूर्ण कलम है*
*बुराई का धागा तीव्र कलम अस्त्र से काटते हैं*
*लेखक कवि बुद्धिजीवी पत्रकार को सलाम है*
*साहित्य का ख़जाना भारत में अनमोल है*
*साहित्य को जीवंतमय बनाने में*
*प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्वपूर्ण रोल है*
*कायम रखने में हमारे पूर्वजों का विशेष रोल है*
*साहित्य राष्ट की महानता*
*और वैभव का दर्पण होता है*
*साहित्य को आकार देने में संस्कृति*
*और परंपराओं का महत्वपूर्ण रोल होता है*
*जो साहित्य और कविताएं सामाजिक कल्याण*
*पर केंद्रित है वह कालजई होती है*
*यही कारण है रामायण और महाभारत*
*जैसे महाकाव्य आज भी हमें प्रेरणा देते हैं*
*हमारे भारत के ज्ञान भण्डार में इतनी जबरदस्त*
*एवं चमत्कारिक बातें छिपी हुई हैं,*
*हम यह सोचने पर विवश हो जाते हैं कि*
*विराटज्ञान हमारे पास कहांसे सवालिया निशान है*
*आयाजब उस प्राचीनकाल में यह जबरदस्त*
*ज्ञानभंडार हमारे पास था, तो अब क्यों नहीं है*
*यह ज्ञान कहां चला गया*
*सबसे बड़ा सवालिया निशान है*



***-एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी***

## ज़िंदगी हमें जीना सिखाती है

ज़िंदगी कभी गमों में रूलाती है,
ज़िंदगी कभी खुशी के पल बिताती है,
ज़िंदगी कभी खुद से रूठ जाती है,
जिंदगी कभी खुद ही खुद को मनाती है,
जिंदगी कभी उल्लास मनाती है,
जिंदगी कभी आंसू भी लाती है,
ज़िंदगी कभी अपनों संग बांधे रखती है,
जिंदगी कभी अपनो से दूर निकल जाती है,
ज़िंदगी कभी भरपुर हंसाती है,
जिंदगी कभी जम कर रूलाती है,
जिंदगी कभी मिट्टी सी बन जाती है,
ज़िंदगी कभी आसमां को छुं जाती है,
ज़िंदगी हम से संघर्ष करवाती है,
ज़िंदगी हमें जीना सिखाती है,

**-रामेश्वर दास भान**

*संजीव नी।।*

## *इश्क के इम्तेहान से गुजर रहा हूं*

*इश्क के इम्तेहान से गुजर रहा हूं,*
*हवा से अब जमीन से गुजर रहा हूं।*

*बहुत ही मासूम है वो, कातिल भी,*
*हौले से उन के कहर से गुजर रहा हूं।*

*मुस्कुराते भी हैं, सितम ढ़ाते भी हैं,*
*उनके इस रहम पर बसर कर रहा हूं।*

*कोई लगाए बेरहम जख्म पर मरहम ,*
*उनकी मोहब्बत का इकरार कर रहा हूं।*

*यह जमी भी तेरी,आसमा भी तेरा,*
*तेरी कायनात का दीदार कर रहा हूं।*

*आंखें रखें खुली, या कर दें बंद,*
*उनके इशारे का इंतजार कर रहा हूं।*



***-संजीव ठाकुर***

## *रंगों का संसार*

*पापा संग बबलू गया बाजार*
*आया है होली का त्यौहार ।*
*देखी उसने सब्जी की दुकान*
*रंग-बिरंगी सब्जियों की कतार ।।*

*कोई बसंती,नीबुई,कोई मोतिया*
*कोई फिरोजी,लाल कोई गेरुआ ।*
*कोई स्लेटी, बदामी कोई सिंदूरी*
*कोई नीला - पीला कोई दूधिया ।।*

*अजब है रंगों का रंगीला संसार*
*बाजार है इन रंगों से गुलजार*
*बबलू लगा सोचने -समझने में*
*इतने में पापा ने खरीदें रंग चार ।।*

*होली आनंद-भाईचारे का सार*
*सौहार्द भाव जगाती हर बार ।*
*खुशी के रंगों से रंगे जग सारा*
*कहता हरबार रंगों का त्यौहार ।।*



***-गोपाल कौशल***

## रोहित का होली हुड़दंग

प्रेम नगर में होलिका दहन की तैयारी खुबसूरत ढंग से हुई थी। बच्चों में होली की मस्ती से सब घर वाले अवगत थे।सब चाहते थे कि होली उत्सव में कोई शरारती तत्वों की उपस्थिति न रहे। इसलिए सब बच्चों के माता-पिता बड़ी सावधानी से इस उत्सव के खत्म होने का इंतजार कर रहे थे। होली दहन उत्सव में शामिल होने आए प्रेम नगर के सारे बाशिंदों ने भीड़ में ही अपने अपने बच्चों को घड़ों में रहकर हर्बल रंगों से होली उत्सव मनाएं। भीड़भाड़ में तो पचासों बच्चों ने हां में हां मिलाई परन्तु यहां तो बच्चों को अपने लीडर रोहित के प्लान के अनुसार होली खेलनी थी। सब लोग होलिका दहन के पश्चात रोहित के फार्म हाउस में जुटे। शामिल होने वाले लोगों में रोहित के स्कूल का साथी निर्मल, प्रदीप,रमण, उज्जवल, नवनीत, निर्भय,कौशल और दलजीत सिंह ने फटाफट होली हुड़दंग की योजना बनाने में जुट गए।

निर्भय ने फुलों से होली उत्सव मनाने की अपनी योजना बताई तो वहीं कौशल ने लठमार होली की बात कही।कौशल के लठमार होली उत्सव मनाने की योजना को रोहित के सभी संगी साथियों ने एक शिरे से खारिज कर दिया। फिर नवनीत ने रोहित के फार्म हाउस में बने स्विमिंग पूल में रंगों को भरकर पूरे मुहल्ले वाले को होली उत्सव यहीं आकर मनाने की बात कही। रोहित अपने पापा के डर से इस योजना को स्वीकार करने में अपनी मजबूरी बताई।

फिर उज्जवल के द्वारा एक हर्बल रंगों को आपस में चन्दा करके होली उत्सव को बाजार के रंग से सबके चेहरे को सुरक्षित बचाने की योजना बताया।इस पर आधे घंटे तक बहसबाजी होती रही परंतु आम सहमति नहीं बनी। फिर निर्मल, प्रदीप और रमण ने रोहित को इस बारे में उनके द्वारा बनाई गई योजना को जानना चाहा। रोहित ने कहा कि सब लोग कोरोनावायरस काल से ही रंगों और उसके बाद सर्दी लगने की बातों से डरते हैं।

इसलिए मेरा विचार है कि इस बार हमलोग हर्बल रंग का व्यवहार तो करेंगे परन्तु उसमें ठंडे पानी के स्थान पर धीमी गर्म पानी का व्यवहार करेंगे।सब लोग हम सब बच्चों के इस होली हुड़दंग मचाते हुए होली उत्सव को कार्यान्वित करने में मदद नहीं करना चाहेंगे। इसलिए हम लोगों को टोली बनाकर यह हुड़दंग मचानी होगी। फिर यह भी योजना बनाई गई कि हमलोग अपने अपने घरों से दो दो बाल्टी पानी लाएंगे। सबकी बाल्टी और हर्बल रंग से भरपूर बाल्टी को रोहित के फार्म हाउस में भरकर रखा जाएगा। यह भी योजना बनाई गई की दलजीत अपने चालक और इनोवा कार को लाएगा। हम लोग एक साथ अगल बगल के घरों में होली हुड़दंग मचाने से बचेंगे। रोहित ने बताया कि सबसे पहले हम लोग मोहल्ले के अन्तिम छोर पर रहने वाले मल्होत्रा अंकल के यहां बेल बजाकर घुसेंगे।

वहां दरबाजा खुलते ही हम सब उनपर हर्बल रंग से भरपूर बाल्टी से सभी अपनी अपनी पिचकारी से रंग देकर उनके कुछ कहने के पहले ही भाग जाएंगे। दलजीत अपने इनोवा कार में बैठकर हम सब का इंतजार करेगा। फिर शाक्य अंकल के यहां आक्रमण की बारी रखीं गई। इस प्रकार रोहित और उसके साथियों ने मिलकर होली हुड़दंग मचाने के लिए उसके बाद नारायण अंकल,साहू अंकल, नवीन अंकल, शेखर अंकल, दासगुप्ता अंकल और अन्त में गोस्वामी अंकल के यहां दलजीत सिंह के इनोवा कार से जाकर होली हुड़दंग उत्सव मनाने की योजना पर सहमति जताई गई। होली के दिन सुबह-सुबह सब अपने घर वालों से बचते बचाते रोहित के यहां पहुंचकर सारी तैयारियां शुरू कर दी गई। योजना के अनुसार सबसे पहले मल्होत्रा अंकल और फिर शाक्य अंकल के यहां होली हुड़दंग मचाने वाले रोहित के साथियों ने हुड़दंग की शुरुआत की।

मल्होत्रा अंकल और मैडम कुछ समझ पाते कि बच्चे वहां से नौ दो ग्यारह हो गये। फिर यही रीति शाक्य अंकल और उसके बाद नारायण अंकल साहू अंकल नवीन अंकल शेखर अंकल और दासगुप्ता अंकल के यहां योजनाबद्ध तरीके से होली उत्सव हुड़दंग मचाने की योजना कामयाब रही। अन्त में गोस्वामी अंकल के यहां होली उत्सव हुड़दंग खत्म हुई। सन्ध्या समय पर सब लोग मुहल्ले के कम्युनिटी सेंटर में अबीर गुलाल से होली उत्सव मनाने के लिए जमा हुए। सब लोग रोहित के साथियों के द्वारा मचाएं गई होली उत्सव हुड़दंग की खूब चर्चा करते रहे परन्तु किसी ने भी गुस्से का इजहार नहीं किया।

रोहित के साथियों को तो वहां जाने पर कुछ डांट फटकार लगने का डर सता रहा था। इसलिए रोहित के साथी निर्मल ने अपने से जुनियर वर्ग के साथी रोहन को कम्युनिटी सेंटर में होली हुड़दंग की चर्चा जानने के लिए भेजा। वहां जाकर रोहन ने पूरी जानकारी हासिल करने के उपरांत सारी बातें रोहित को बताया। अब सब रोहित के साथियों में डर की कोई बात नहीं थी। सबने ढोलक और तानपुरा लेकर कम्युनिटी सेंटर में खूब धमाल मचाया। आज़ रोहित और उसके साथियों के द्वारा होली हुड़दंग उत्सव मनाने की खूब चर्चा है। सब लोगों ने रोहित और उसके साथियों के इस हरफनमौला करतबों से खुश नजर आ रहे थे।अबीर गुलाल से होली खेली गई होली उत्सव और हुड़दंग आज़ प्रेम नगर की एक यादगार होली बन गई है।



**-डॉ.अशोक, पटना, बिहार।**

## *दीवारें भी रोती हैं*

*जब दर्द से छलकी आंखें लिए*
*मेरी नज़रें अचानक घर की एक दीवार की ओर पड़ी*
*उस पल नज़रें टीक गयीं, सिर्फ़ उस एक लंबी सी दरार पर*
*जहां से ,पानी जगह बना रहा था हर उस मुमकिन जगह से*
*जहां से वो बह सके*
*ऐसा लग रहा था मानों सालों से मन में छुपा हुआ कोई दर्द*
*फूटकर बाहर निकलने की कोशिश कर रहा हो*
*अश्रूक मेरी आंखों के सहसा सूख गये*
*जब दीवार की उस दरक ने बोध कराया*
*मज़बूती भी एक वक्त के बाद कमज़ोर होती हैं*
*फिर हमारी हस्ती ही क्या*
*जब ये बेजान दीवारें भी रोती हैं*

***-कशिश अड़वानी***

## *कविता- लक्ष्य की ओर*

*दौड़ सकता है तो दौड़, भाग सकता है तो भाग।*
*मंजिल पाने के लिए, अंतर्मन में लगी है आग।।*

*ठण्डे खून के उबलने तक या खून सूखने तक।*
*पागलपन की जुनून तक या मुर्दा बनने तक।।*

*जब तक मंजिल ना मिले, राहों में तुम रुकना नहीं।*
*चुनौतियों के सामना करना, स्वयं कभी टूटना नहीं।।*

*जीवन की सांसें फूलने तक या सांसें रुकने तक।*
*कंकाल के राख उड़ने तक या चमड़े गलने तक।?।*

*कुछ विरोधी और बुरे लोग, तुम्हें पथ से भटकायेंगे।*
*खूब हंसी उड़ेगी गलियों में, जन भ्रमजाल फैलायेंगे।।*

*मिट्टी में दफन होने तक या सब कुछ खत्म होने तक।*
*आत्मा की शुद्धि होने तक या परमात्मा दिखने तक।।*

*डटे रहना मैदान में वीर योद्धा, शत्रुओं को करने ढेर।*
*धीरज रखना साहस भरकर, जीत में भले होगी देर।।*

*हार के काली रात के बाद, आयेगी सफलता भोर।*
*दृढ़ आत्मविश्वास से बढ़ा, कदम लक्ष्य की ओर।।*

***-अशोक कुमार यादव मुंगेली***



---

# कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए-

पूरे भारत के सभी राज्यों में जहाँ देखो वहीं पुरानी पेंशन के लिए कर्मचार्यों मे हाहाकारमचा हुआ है।कर्मचारी किसी भी विभाग काक्यों न हों,शासन ने इस पुरानी पेंशन कोजब से बंद किया है और उसकी जगह अंशदायी पेंशन योजना लागु किया है तब से कहीं न कहीं कर्मचारियों की आवाज उठती रही है,और वर्तमान में उठ भी रही है। और जब तक पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती तब तक यह आवाज उठती भी रहेगी। वैसे छत्तीसगढ़ शासन ने इस पर विशेष पहल करते हुए कर्मचारियों के हित में अपने पिछ्ले बजट में इसकी घोषणा की थी।लेकिन इसमें वस्तुस्थिति साफ नजर नही आई।कर्मचारियों की मानें तो इसमें बहुत लोचा है,इसके नियम स्पस्ट और उचित नही है।इसकी जब घोषणा हुई तो इसकी शुरआत कब से की जाएगी? कैसे वेतन निर्धारित की जाएगी?

आदि-आदि।कर्मचारियों के द्वारा लगातार शासन पर स्थिति स्पस्ट करने के लिए दबाव डाला गया, तब यह आदेश आया की उनकी संविलियन तिथि से ही उनको पुरानी पेशन का हकदार माना जाएगा। या फिर संविलियन तिथि से जिनकी सेवा 10 साल हो गई हो, उसको इसका लाभ मिलेगा।ऐसा आदेश पाकर कर्मचारियों को रास नही आया बात सही भी है। क्योंकि 2018 में शिक्षा कर्मियों को संविलियन किया गया।और इसी सन से पुरानी पेंशन की गणना की जाएगी।इस हिसाब से इनकी सेवा की अवधि बहुत कम हो गई।यहाँ पर सोचने वाली बात यह है की उक्त सेवा में आये कर्मचारियों को आज की तारीख में लगभग 25 साल से अधिक हो गये हैं।पिछ्ली सेवा पर कुठाराघात हो गया।

**कर्मचारियों के संघ नेताओं का यह कहना है की-**

इसका लाभ हमें प्रथम नियुक्ति तिथि से प्रदान किया जाय।यदि संविलियन तिथि से इसका लाभ दिया जाता है तो यह कर्मचारियों के प्रति अन्याय होगा। और इससे बहुत नुक्सान होगा।इस प्रकार से पुरानी पेंशन का कोई औचित्य ही नही रह जायेगा।उन्होने आगे यह बताया की हमें जीवन भर के इस सेवा का प्रतिसाद मिलना चाहिए।क्योंकि यह एक शासकीय कर्मचारी का हक है।सेवा निवृत के बाद आखिर में वह किसके सहारे जीवन यापन करेगा।जीवन के आखिरी पढ़ाव बुढ़ापा में वह कुछ कर भी नही सकता।यही उसके सहारा का एक मात्र उपाय है।शासन के सभी सेवकों को चाहे वह नेता हो या सामान्य कर्मचारी यह पेंशन तो मिलता ही है।तो इसी शासन की सेवा करने वाला कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति तिथि से पेशन का लाभ क्यों नही दिया जा रहा,खेद का विषय है।

अतः शासन को इस पर साहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से इसका लाभ अवश्य प्रदान किया जाना चाहिए।

**-अशोक पटेल आशु**




# खून नकली मगर पसीना असली है- आयुष शर्मा ने अज़रबैजान से अपने अगले फ़िल्मAS04के सेट से शर्टलेस तस्वीरें साझा कीं

**जीएनएस।** अपने डैशबोर्ड एब्स और टोन्ड मसल्स से अपने फँस को तोहफ़ा देते हुए, आयुष शर्मा ने अपनी आगामी फिल्म AS®4 के लिए बाकू, अजरबैजान में एक एक्शन सीक्वेंस शूट से शर्टलेस बीटीएस तस्वीरें साझा कीं।

बॉलीवुड के नए एक्शन हीरो के रूप में उभरते हुए, आयुष शर्मा अपनी आगामी एक्शन एंटरटेनर ूस04 के लिए पंच पैक करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिम में कठोर प्रशिक्षण से लेकर कट्टर एक्शन स्टंट करने के लिए कुशल सहायता तक, आयुष यह सब कर रहा है! अपनी एक्शन एंटरटेनर की तैयारी और शूट के बारे में नियमित जानकारी देते हुए, आयुष शर्मा अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स का उत्साह और प्रत्याशा बढ़ाते रहते हैं।

AS®4 के आखिरी शेड्यूल से बीटीएस तस्वीरों के साथ, आयुष ने फिल्म के भारी एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की झलक दिखाई। अभिनेता ने अपने प्रशंसकों को अपडेट करने वाली तस्वीरों में अपने चिसेल्ड शरीर को दिखाते हुए कहा, खून नकली मगर पसीना असली है AS®4 ।



पिछले साल अपने जन्मदिन पर अपनी चौथी फिल्म की घोषणा करते हुए, आयुष ने ूस04 का टीज़र जारी किया, जिसमें उनके स्वैगर किरदार को स्टाइलिश एक्शन करते हुए दिखाया गया है। न केवल रोमांचक टीजर बल्कि फिल्म के पहले अक्षर और संख्या के साथ अनटाइटल्ड फ़िल्म ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया क्योंकि आयुष पहली बार हिंदी बाजार में बिना शीर्षक वाली साउथ इंडियन फिल्मों की घोषणा की प्रचलित परंपरा को लागू करता है।

AS®4 के साथ डेब्यूटाँट सुश्री मिश्रा को लॉन्च करते हुए, आयुष शर्मा ने फिल्म के लिए अनुभवी दक्षिण भारतीय अभिनेता जगपति बाबू को भी शामिल किया है।

श्रीसत्यसाई आर्ट्स के बैनर तले केके राधामोहन द्वारा निर्मित, अभी तक अनटाइटल्ड एक्शन एंटरटेनर AS®4 में आयुष शर्मा मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें डेब्यूटेंट सुश्री मिश्रा भी नज़र आने वाली हैं। कात्यायन शिवपुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2023 में रिलीज होगी।

# सुब्हा नगर निगम द्वारा गैर का आयोजन व शाम को महाकाल मंदिर ध्वज समारोह

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाबा महाकाल की नगरी में रंग पंचमी पर नगर निगम द्वारा नगर गैर की शुरुआत की जा रही है। आज सुबह 10 बजे महाकाल मंदिर से गैर की शुरुआत होगी। साधु संतों की उपस्थिति में ध्वज पूजन होगा और पूरे शहर में जमकर रंग गुलाल उड़ाया जाएगा। शहर के प्रथम नागरिक महापौर मुकेश टटवाल की पहल पर नई परंपरा की शुरुआत नगर गैर के रूप में की जा रही है। नगर निगम की ओर से गैर का शुभारंभ महाकाल मंदिर से किया जाएगा। यहां महापौर की उपस्थिति में साधु संत ध्वज पूजन करेंगे जिसके बाद शहर के प्रमुख मार्गो पर गैर का कारवां पहुंचेगा। नगर गैर में शामिल होने वाले शहर वासियों का स्वागत रंग गुलाल लगाकर किया जाएगा। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि गैर निकालने की परंपरा वर्षों पुरानी है। पूर्व में राजघराने की सदस्य होली रंग पंचमी पर बैलगाड़ी और हाथी घोड़ों पर सवार होकर गैर निकालते थे। लेकिन समय के साथ परंपरा बंद हो गई जिसकी शुरुआत एक बार फिर की जा रही है। नगर गैर में सौहार्द्र, उत्साह और उमंग के रंगों से भरी होगी। गैर में नगर निगम के फायर फाइटर को भी शामिल किया जाएगा जो पानी की बौछार के साथ हर्बल गुलाल की बारिश करेंगे। ढोल धमाके बैंड बाजे भी शामिल रहे। महाकाल मंदिर से सुबह 10 बजे की शुरुआत की जाएगी। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। नगर गैर में शहर



वासियों के साथ सामाजिक संस्थाएं और संगठन के लोग भी शामिल होंगे।

### शाम को महाकाल मंदिर ध्वज चल समारोह

आज सुबह निकलने वाली नगर गैर के साथ ही शाम को महाकाल मंदिर से ध्वज चल समारोह निकाला जाएगा। वर्षो से रंग पंचमी की शाम महाकाल मंदिर से चांदी का ध्वज परंपरा अनुसार निकाला जाता है। ध्वज चल समारोह में श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होने पर पताकाए भी अर्पित की जाती है उसे भी चल समारोह में शामिल किया जाता है। महाकाल ध्वज चल समारोह के लिए राजभवन भोपाल से ध्वज 2 दिन पहले ही महाकाल मंदिर पहुंच गया था। मंदिर से निकलने वाले चल समारोह में नासिक के बैंड और ढोल शामिल होंगे। चांदी के ध्वज का विधि विधान से पूजन जिला प्रशासन की ओर से महाकाल मंदिर के पंडे पुजारी और संतों की उपस्थिति में होगा। महाकाल मंदिर से चल समारोह शिप्रा नदी रामघाट पहुंचेगा जहां शिप्रा के जल से पूजा अर्चना के पास वापस मंदिर लौटेगा इस दौरान जमकर रंग गुलाल भी उड़ाया जाएगा।

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण की बैठक में शामिल हुए महापौर श्री टटवाल



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर मुकेश टटवाल जलवायु परिवर्तन तथा स्थानीय प्रतिरोध क्षमता आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दो दिवसीय बैठक मे शामिल हुए तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में अभिनव विचारों और पहलों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

दिनांक 10 एवं 11 मार्च 2023 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय जलवायु परिवर्तन तथा स्थानीय प्रतिरोध क्षमता आपदा जोखिम न्यूनीकरण की तृतीय बैठक में उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल भी शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ शुक्रवार को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। दो दिवसीय जलवायु परिवर्तन तथा स्थानीय प्रतिरोध क्षमता आपदा जोखिम न्यूनीकरण की बैठक का समापन शनिवार को हुआ। इस दौरान महापौर मुकेश टटवाल ने विज्ञान भवन में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में अभिनव विचारों और पहलों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## सार समाचार

### चेन स्नेचिंग की वारदात फिर हुई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाइक सवार 2 बदमाशों ने महिला के गले से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया और भाग निकले। बदमाशों की तलाश में पुलिस कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। नीलगंगा पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। गऊघाट यंत्र महल के पास रहने वाली सीमा पति राजेश भटनागर बीती रात घर आए मेहमानों को छोड़ने के लिये घर से बाहर आई थी। कुछ दूर तक बात करते हुई गई और वापस लौट रही थी, उसी दौरान बाइक पर सवार 2 बदमाश पीछे से आए और सीमा के गले से चेन झपटकर भाग निकले। सीमा ने शोर मचाया, लेकिन रास्ता सुनसान होने पर बदमाश लालपुल की ओर भाग निकले। सीमा की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। मामले की सूचना नीलगंगा पुलिस को दी गई। पुलिस ने नाकेबंदी कराई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस ने मामले में स्नेचिंग का प्रकरण दर्ज कर यंत्र महल से लेकर लालपुल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगालना शुरु किये है। शनिवार देर शाम तक बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया था। चेन एक तोला वजनी होना बताई गई है।

### जीआरपी ने तीन बदमाशों को हिरासत में लिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेलवे स्टेशन से चोरी हुई बाइक मामले में जीआरपी ने तीन बदमाशों को हिरासत में लिया है। जिनकी निशानदेही से बाइक बरामद की गई है। जीआरपी ने बताया कि कुछ दिन पहले माधवनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी बाइक चोरी होने पर मामले में जांच की जा रही थी। स्टेशन परिसर में लगे कैमरे देखे गये थे। जिसके आधार पर योगेश नानाखेड़ा, हिमांशु और सुधीर निवासी प्रकाश नगर को हिरासत में लिया गया। तीनों से पूछताछ में चोरी की बाइक बरामद हो गई। तीनों बदमाशों के खिलाफ शहर के कई थानों में चोरी, मारपीट के प्रकरण दर्ज होना सामने आए है। तीनों के खिलाफ वाहन चोरी का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। बदमाशों ने रेलवे स्टेशन परिसर के आसपास से चोरी हुई कुछ ओर बाइक की जानकरी मिल सकती है। तीनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

### माधव विज्ञान महाविद्यालय में प्रयोगशाला उपकरणों की निविदा आमंत्रित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रयोगशाला उन्नयन (योजना क्रं 5765) अंतर्गत शा. माधव विज्ञान महाविद्यालय में प्रयोगशाला उपकरणों के लिए 14 मार्च तक निविदा आमंत्रित है। महाविद्यालय ने 5,00,000 की राशि के प्रयोगशाला उपकरणों की निविदा 14/03/2023 तक सील बंद लिफाफों में आमंत्रित करता है। निविदा महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। संबंधित इच्छुक फर्म अवलोकन करें।

### फार्मासिस्ट 13 मार्च को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के आह्वान पर समस्त फार्मासिस्ट 13 मार्च को एक दिवसीय सामुहिक अवकाश का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत जिला उज्जैन के भी सभी फार्मासिस्ट सोमवार को सामुहिक अवकाश पर रहेंगे। जिसके कारण आने वाले मरीजों, हितग्राहीयों को दवाईयाँ वितरण, वैक्सिन एवं शासन की अन्य योजनाओं का लाभ का नही मिल पायेगा।मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ सहसचिव एमआर मंसूरी एवं स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला सचिव कन्हैयालाल बर्फा ने बताया कि संगठन द्वारा शासन को समय समय पर फार्मासिस्टों की समस्याओं से अवगत कराया गया परन्तु शासन स्तर पर इस और कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। इस से संगठन द्वारा एक दिवसीय सामुहिक अवकाश का निर्णय लिया गया यदि इसके पश्चात भी शासन द्वारा समस्यओं का निराकरण नहीं किया गया तो सगंठन अनिश्चतकालीन हडताल के लिए बाध्य रहेगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी। आपने बताया कि फार्मासिस्टो ने जनहीत में हमेशा कार्य किया है। परन्तु शासन की अनदेखी से अपनी उचित मागों के लिए हडताल करने पर विवश किया है। दस सूत्रीय मांगो में प्रमुख सविदा सविलयन ग्रेड में उन्नयन एवं पद नाम प्रमुख है।

### तीन दिवसीय शिव परिवार स्थापना महोत्सव



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पद्मेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा पद्मावती एवेन्यू कानीपुरा रोड पर तीन दिवसीय शिव परिवार स्थापना महोत्सव 11 मार्च से प्रारंभ हो कर 13 मार्च को पूर्ण होगा, पूजन डॉ गोपाल कृष्ण शुक्ला एवं पंडित संजय तिवारी जी द्वारा प्रतिदिन सुबह 8:00 से शाम 5:00 बजे तक पूजन कार्य में क्षेत्रवासी सम्मिलित हो रहे हैं समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन 13 मार्च शाम 4 बजे से रखा गया है समिति द्वारा सभी सम्माननीय क्षेत्रवासियों से निवेदन किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर भंडारे का आनंद एवं धर्म लाभ लेवे, कार्यक्रम संयोजक विष्णु मीणा, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष राज त्रिवेदी, सचिव अभय नरवरिया कोषाध्यक्ष विष्णु मीणा, स-सचिव अनिल पंड्या, सदस्य विनोद शर्मा, मोहन बैरागी, सर्वेश दयाशंकर शर्मा, सुशील विश्वकर्मा, जितेंद्र जाट, विकास दशोरा, पंडित संजय तिवारी, राजेश सेन, रवि पंजवानी, युवराज सिंह भदोरिया, कमल भावसर, नारायण राठौर, तरुण शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, रमेश गुप्ता, कमलेश राठौर, कमल झाला, कमल छाबड़ा, सतीश नगर, रिक्की सनोथिया, आदर्श मीणा, अभिषेक परिहार, सहित ने कार्यक्रम सफल बनाने की अपील कि हे, जानकारी अभय नरवरिया ने दी।

# जीडीएम दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शुक्रवार 10 मार्च को जी.डी.एम. दिवस के अवसर पर जपाईगो संस्था के तकनीकी सहयोग से मनाया गया। इस अवसर पर जिले में विभिन्न गतिविधियां, रैली, बैठक, शपथ एवं जी.डी.एम. का पता लगाने के लिये होने वाली ओ.जी.टी.टी. जांच एवं फॉलोअप जांच के बारे में जागरूकता अभियान का आयोजन जिला स्तर पर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय चरक भवन उज्जैन, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय उज्जैन, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मित्रनगर उज्जैन सहित जिले समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं पर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.के.सी.परमार, मानसिंह परमार, सुश्री शोभा चौहान डी.पी.एच.एन.ओ., सुश्री परविन्दर बग्गा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, दिलीप वसुनिया सहायक कार्यक्रम प्रबंधक सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जी.डी.एम. दिवस के आयोजन के दौरान जानकारी दी गई कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं में डायबिटीज होने का खतरा रहता है, इसलिये सभी गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य संस्थाओं पर आवश्यक रूप से जी.डी.एम. की जांच करवाने एवं अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने हेतु भी बताया गया।

# प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली बहना योजना के तहत केवाईसी अपडेशन के संबंध में वीसी ली गई

**लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी अपडेशन में किसी भी प्रकार का शुल्क न लिया जाए -कलेक्टर**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी के द्वारा मंत्रालय भोपाल से लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन हेतु पात्र हितग्राहियों के समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी अपडेशन, आधार लिंक, डीबीटी लिंक प्रक्रिया और आवेदन ऑनलाइन भरे जाने की प्रक्रिया की समीक्षा हेतु वीडियो कांफ्रेंस ली गई।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वीसी के पश्चात आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि आगामी 13 मार्च से 20 मार्च तक पात्र हितग्राहियों के केवाईसी अपडेशन हेतु कैंप आयोजित किए जाएं। पात्र महिलाओं को कैंप तक लाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई जाए। पात्र हितग्राहियों के केवाईसी अपडेशन के लिए हितग्राही से किसी भी प्रकार की राशि न ली जाए। यह प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। समस्त ग्राम पंचायतों में कैंप लगाये जाए तथा पात्र हितग्राहियों के केवाईसी अपडेशन का कार्य किया जाए।

योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए नगरीय निकायों में सुबह कचरा कलेक्शन के लिए आने वाले वाहन के माध्यम से योजना की जानकारी आम जनता को प्रदान की जाए। ग्राम पंचायत में ऐसे क्षेत्र जहां कोई बैंक नहीं है वहां एक बैंक कोऑर्डिनेटर की भी ड्यूटी कैंप में लगाई जाए ताकि यदि किसी हितग्राही का बैंक में खाता न हो तो कोऑर्डिनेटर के माध्यम से तुरंत खाता खुलवाया जा सके। वी सी के दौरान उज्जैन एन आई सी में सीईओ जिला पंचायत सुश्री अंकिता धाकरे, नगर निगम आयुक्त श्री रोशन कुमार सिंह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री साबिर अहमद सिद्दीकी, समस्त सीईओ जनपद, सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# महिला सशक्तिकरण से ही समाज की उन्नति है - श्री जैन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ''महिला सशक्तिकरण से ही समाज की उन्नति है। इसी को ध्यान में रखते हुये महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं प्रगति के लिए कई विशेष कानून बने हुए हैं, जिनके माध्यम से महिलाएं प्रताडना, अत्याचार एवं क्रूरता से निजात पा रही है। उक्त बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार जैन न्यायाधीश ने महिलाओं से कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर.के. वाणी के निर्देशानुसार बापू नगर उज्जैन क्षेत्र की महिलाओं के लिए आयोजित विशेष महिला जागरूकता शिविर में कही। श्री जैन ने कहा कि महिलाओं को रोजगार के कार्यो में आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ कानूनी जागरूकता में भी आगे रहना चाहिये, ताकि महिलाएं सशक्त होकर उनके विरूद्ध अपराध कारित नहीं हो सके। उन्होंने महिलाओं को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियों के साथ महिलाओं के लिए बनी विधिक सेवा योजनाओं के बारे में सारगर्भित जानकारियां दी।

# प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 13 से 20 मार्च तक पात्र हितग्राहियों की समग्र आईडी के केवाईसी अपडेशन की जाएगी

**आधार से लिंक करने हेतु कैंप आयोजित किए जायेंगे »»» कलेक्टर ने एसडीएम एवं जनपद सीईओ को प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन 100 से अधिक ई-केवायसी करने के निर्देश दिये**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने उज्जैन जिले में लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में 13 से 20 मार्च के बीच पात्र हितग्राहियों की समग्र आईडी के केवायसी अपडेशन एवं आधार से लिंक करने हेतु शिविर लगाने के निर्देश जारी किये हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को कहा है कि वे प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन सौ से अधिक हितग्राहियों के ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर ने कहा है कि यह कार्य जितना बेहतर तरीके से होगा, उतना ही लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन में सुविधा होगी। कलेक्टर ने आगामी समय में जिन पात्र हितग्राहियों के खाते नहीं खुले हैं उनके खाते खोलने एवं खाते से आधार लिंक कराने के कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर करने को कहा है। कलेक्टर ने साथ ही यह भी कहा है कि यदि कहीं परिवारों के नये समग्र आईडी जनरेट किये जाते हैं तो अधिकारियों को इस पर नजर रखना चाहिये। कलेक्टर ने कहा है कि यह सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है और इसको हर स्थिति में 20 मार्च तक पूरा करना है। कलेक्टर ने कहा है कि समग्र आईडी अपडेट करने के लिये किसी भी हितग्राही से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ सुश्री अंकिता धाकरे, एडीएम श्री अनुकूल जैन, जिले के सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ मौजूद थे।

# त्रिदिवसीय महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के लिए हुई समाज की बैठक



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी त्रिदिवसीय महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव सानन्द संपन्न करने हेतु समाज की आवश्यक बैठक चंद्रप्रभु धर्मशाला में आयोजित की गई। ट्रस्ट सचिव अनिल गंगवाल ने बताया की सर्वप्रथम मंगला चरण किया गया। तत्पश्चात गत वर्ष के संयोजक शैलेन्द्र जैसवाल ने हिसाब प्रस्तुत किया जिसे सर्वानुमति से पारित किया गया। इस वर्ष हेतु संयोजक का मनोनयन भी सर्वानुमति से किया गया जिसमें मुख्य संयोजक के रूप में देवेंद्र कांसल व सह संयोजक नितिन दोषी को मनोनीत किया गया। चल समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम व समाज के वात्सल्य भोज के साथ ही होने वाले त्रिदिवसीय कार्यक्रमों के अलग-अलग संयोजक या कार्यसमिति बनाने हेतु भी संयोजक द्वय को अधिकृत किया गया। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश कासलीवाल ने की।

उपस्थित सभी महानुभावों में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सुशील लुहाड़िया, संजय बरैय्या, जम्बू धवल, राजेश कासलीवाल, विमल जैसवाल, मनीष घी वाले, अनिल टोंग्या आदि ने अपने सुझाव प्रस्तुत किये। अंत मे सभी ने कार्यक्रम को भव्यातिभव्य रूप से सम्पन्न करने का संकल्प लिया।

# राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग व बेंच प्रेस स्पर्धा में 2 टीम चैंपियनशिप, 31 मेडल हासिल कर रचा नया इतिहास

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक प्रेम सिंह यादव, बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास, राज्य शरीर सैष्ठवा संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव व मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी, उज्जैन जिले के ऊर्जावान महासचिव कमल नंदवाना के नेतृत्व मे 57 पावर लिफ्टरो के दल ने राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग व बेंच प्रेस चैंपियनशिप में सहभागिता की। जिसमें जिले के 57 खिलाड़ियों में से 31 खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किये।

संस्था के विशिष्ट पदाधिकारी आनंद सोलंकी, अभिषेक सिंह राठौर, अनिल चावंड द्वारा संयुक्त रूप से बताया कि इंदौर के राजवाड़ी गार्डन रंगवासा राऊ में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग/बेंच प्रेस स्पर्धा में उज्जैन जिले ने ऐतिहासिक कीर्तिमान




स्थापित किया। उज्जैन जिले ने बेंच प्रेस स्पर्धा में ओवरऑल टीम चैंपियनशिप के खिताब पर अपना कब्जा जमाया। पावरलिफ्टिंग टीम चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान पर उज्जैन जिले ने अपना अधिकार सिद्ध किया। रवि माली जूनियर बेंच प्रेस में बेस्ट लिफ्टर व पावरलिफ्टिंग में फर्स्ट रनरअप के अवार्ड से नवाजे गए। बड़नगर के प्रतीक शुक्ला बेंच प्रेस चैंपियनशिप में बेस्ट लिफ्टर द्वितीय स्थान से पुरस्कृत हुए।

### ये रहे पदक विजेता खिलाड़ी

प्रतियोगिता में महिला वर्ग में किरण हरोड़ (2 गोल्ड मेडल), अक्षिता श्रीवास्तव (2 गोल्ड मेडल), उम्मे सलमा मर्चेंट (2 ब्राउंस मेडल), आयुषी शुक्ला (सिल्वर मेडल), देवांशी जैन (गोल्ड मेडल), पुरुष वर्ग में गोल्ड मेडल देवेंद्र प्रजापति, मयंक जोशी, अर्पित चौधरी, रवि माली (2 मेडल), अमित गेहलोद, अजय कुमार चंदवानी, सुमित भाटी, अनुभव शुक्ला, प्रतीक शुक्ला, हर्षित जाट, अरविंद शुक्ला, राजेंद्र प्रजापति, रविंद्र सिंह नीर, संजय ऊंटवाल ने प्राप्त किये। पुरुष वर्ग में सिल्वर मेडल राजेंद्र प्रजापति, मो. तनवीर हुसैन, मयंक जोशी, रोहित शुक्ला, अभिषेक बैरागी, कन्हैया लाल ने प्राप्त किये। पुरुष वर्ग ब्राउंस मेडल अनुभव शुक्ला, मोहित भाटी (2 मेडल), यश यादव, सलमान शाह, गुलरेज खान, अजाज अहमद, मो. शोएब खान, अमित गेहलोत, परवेज मोहम्मद (2 मेडल), दिलीप गेहलोद सहित अन्य खिलाड़ियों ने उज्जैन का नाम प्रदेश में गौरवान्वित किया। संस्था के प्रमुख पदाधिकारी बलराम यादव, शोएब कुरैशी, नरेंद्र मालवीय, अजय जाधव, राजेश भारती, उमेश पवार, विकास जादौन, सज्जाद हुसैन, कमल सिंह देवड़ा, हरीश तुरई, रवि मालवीय आदि द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )